
डाक पंजीयन नं. 99/2021—23

E-mail:-aadhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com



PG,5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG,8

सिनेमाः विक्रांत मैसी की पत्नी शीतल ठाकुर ने शेयर की प्री-वेडिंग

वर्ष -07 अंक -348 | प्रयागराज, गुरुवार 24 फरवरी, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### गलवन घाटी में ग्राउंड जीरो की सुरक्षा स्थिति को लेकर सतर्क और चौकस है भारतीय सेना

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन की हरकतों पर निगाह रखने के साथ ही गलवन घाटी की सुरक्षा को लेकर भारतीय सेना अति सतर्क है। सेना की सतर्कता और सुरक्षा चौकसी की यह सर्वोच्च प्राथमिकता ही है कि सेना की उत्तरी कमान के नए प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने खुद गलवन घाटी का दौरा कर सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। नए साल के मौके पर गलवन घाटी के कथित वीडियो के जरिए दुष्प्रचार की चीनी हरकत के बाद भारत वहां की जमीनी स्थिति को लेकर बेहद सतर्क है सेना के उत्तरी कमान के प्रमुख का गलवन में ग्राउंड जीरो का दौरा साफ तौर पर चीन को भी संदेश है। गलवन घाटी में उत्तरी कमान के प्रमुख के सोमवार को हुए दौरे की जानकारी खुद सेना ने टवीट के जरिए देते हुए कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एलएसी के अग्रिम मोर्चों समेत ग्राउंड जीरो का दौरा कर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। साथ ही सभी अधिकारियों और जवानों के पेशेवर अंदाज की तारीफ करते हुए एलएसी पर बदलती सुरक्षा चुनौतियों के अनुरूप जवाबी रिस्पांस को लेकर उनसे चर्चा की। गलवन में ग्राउंड जीरो वह जगह है जहां जून 2020 में चीनी सैनिकों के अतिक्रमण को भारतीय सैनिकों ने ध्वस्त कर दिया था। इसको लेकर ही भारत और चीन के सैनिकों के बीच खूनी संघर्ष हुआ था जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। काफी संख्या में चीनी सैनिक भी इसमें मारे गए मगर चीन आधिकारिक तौर पर अपने सैनिकों की मौत का आंकड़ा छिपाता रहा है।

### कर्नाटक में बजरंग दल के कार्यकर्ता की हत्या मामले में अब तक छह गिरफ्तार, शुक्रवार तक लागू रहेगी धारा 144 लागू, कफ्र्यू की अवधि में भी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के शिमोगा में रविवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष की धारदार हथियार से गोद के हत्या कर दी गई थी। घटना के दो बीत जाने के बाद अभी भी इलाके में तनाव का माहौल है। एहतियात बरतते हुए प्रासशन ने शहर में धारा 144 लागू कर कफ्र्यू लगा दी थी। जिसे अब शुक्रवार तक के लिए बढ़ा दिया गया है। साथ ही अगले दो दिनों के लिए स्कूलों को और बंद रखने के आदेश भी जारी किए गए हैं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान शिमोगा एसपी लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि हत्या के आरोप में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## रूस और यूक्रेन सीमा संकट पर धूमिल होती बातचीत की उम्मीद

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के दो हिस्सों डोनत्स्क और लुहांस्क को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दे दिया है। इन दोनों इलाकों में रूस के सैनिक पहुंच चुके हैं। रूस का कहना है कि उसके सैनिक वहां शांति कायम करने जा रहे हैं। निश्चित तौर पर अमेरिका और यूरोपीय देश इसे यूक्रेन पर रूस के हमले की दिशा में एक कदम मान रहे हैं। फिलहाल बातचीत से इस मसले के हल की उम्मीदें और धूमिल होती जा रही हैं। इस पूरे मसले की शुरुआत से ही रूस की पहली मांग यही है कि इस बात की गारंटी ली जाए कि यूक्रेन कभी नाटो का हिस्सा नहीं बनेगा। पुतिन का स्पष्ट कहना है कि यूक्रेन का नाटो सदस्य बनना रूस की सुरक्षा के लिए खतरा है, क्योंकि ऐसा होते ही यूक्रेन में नाटो का सैन्य बेस बनने की राह खुल जाएगी। अमेरिका और नाटो ऐसी गारंटी देते नहीं दिख रहे। विशेषज्ञों का मानना है कि रूस पूर्व, उत्तर और दक्षिण की तरफ से यूक्रेन को घेरेगा और वहां सरकार गिराने की कोशिश करेगा। रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की शुरुआत भले ही हो गई है, लेकिन इस बात की संभावना बहुत कम है कि पश्चिमी देश अपनी सेना यूक्रेन में भेजेंगे। यूक्रेन के नाटो सदस्य बनने को लेकर रूस की चिंता को कुछ हद तक सही भी माना जा सकता है। पिछले ढाई दशक में यूक्रेन के आसपास के करीब सभी देश नाटो सदस्य बन चुके हैं। जाहिर तौर पर इन देशों में नाटो का सैन्य बन गया है या बन सकता है। ऐसे में यदि यूक्रेन भी नाटो सदस्य बना तो रूस नाटो के सीधे निशाने पर आ जाएगा।





## ग्रामीण अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार है महिला शक्ति, महिलाओं की भागीदारी को विस्तार देने की जरूरत- पीएम नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को ग्रामीण विकास पर केंद्रीय बजट के सकारात्मक प्रभाव पर वेबिनार को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारी सरकार की नीति और एक्शन इसका मूलभूत प्रेरणा सूत्र है। उन्होंने आगे कहा कि बजट के बाद, बजट घोषणाओं को लागू करने की दिशा में सभी स्टेकहोल्डर्स से संवाद अपने आप में बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि इस बजट में सरकार द्वारा, सैचुरेशन के इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप दिया गया है। मोदी ने कहा कि बजट में पीएम आवास योजना, ग्रामीण सड़क योजना, जल जीवन मिशन, नॉर्थ ईस्ट की कनेक्टिविटी,



गांवों की ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, ऐसी हर योजना के लिए जरूरी प्रावधान किया गया है। अलग-अलग योजनाओं में 100इ लक्ष्य पाने के लिए हमें नई टेकनेलॉजी पर भी फोकस करना होगा, ताकि प्रोजेक्ट्स भी तेजी से पूरे हों और क्वालिटी से भी समझौता न हो। मोदी ने कहा कि सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत लगभग 4 करोड़ कनेक्शन देने का टारगेट रखा है। इस टारगेट को हासिल करने के लिए आपको अपनी मेहनत और बढ़ानी होगी। मेरा हर राज्य सरकार से ये भी आग्रह है कि जो पाइपलाइन बिछ रही हैं, जो पानी आ रहा है, उसकी क्वालिटी पर भी हमें बहुत ध्यान देने की जरूरत है।

## बाबबिटाइजेशन केसः स्वामी गंगेशानंद ने केरल फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज के डीजीपी के शामिल होने का लगाया आरोप

**कोच्चि।** स्वामी गंगेशानंद के सनसनीखेज बाबिटाइजेशन के पांच साल पुराने मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ा है। स्वामी गंगेशानंद ने केरल फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज के डीजीपी बी संध्या के इस मामले में शामिल होने का आरोप लगाया है। बता करने की कोशिश की तो उसने अपने बचाव में उन पर हमला किया था। स्वामी गंगेशानंद ने कहा, 'मैं पांच साल पहले चट्टम्पी तिरुवनंतपुरम जिले के कनन्मूल में चट्टम्पी स्वामीकल (समाज सुधारक) के जन्मस्थान की स्मृति में आया था। जहां की 9 सेंट भूमि डीजीपी बी



दें कि उनका यह आरोप जांच की अंतिम रिपोर्ट के खुलासे के बाद सामने आया है, जिस रिपोर्ट में, अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) ने निष्कर्ष निकाला था कि मामले में, शिकायतकर्ता ने अपने पुरुष मित्र और स्वामी के शिष्य अयप्पादास के साथ मिलकर स्वामी के जननांगों को काटने की साजिश रची थी। आपको बता दें कि पूरी घटना 19 मई, 2017 की है, जो रात को एक लड़की के घर पर हुई थी। लड़की, उस समय कानून (ला स्टूडेंट) की छात्रा थी, ने शुरु में एक शिकायत की थी। जिसके बाद यह मामला सबके सामने आया, जिसमें लड़की ने बताया था कि जब उस पर स्वामी ने यौन उत्पीड़न संध्या के पास थी और 7 सेंट भूमि उनके पति मधु कुमार के पास थी। स्वामी ने आगे कहा कि इस सब से उनका कोई लेना-देना नहीं है, उन्होंने अपनी समस्या बताते हुए कहा, इन लोगों ने मेरे मेरे जननांगों को काट दिया।' स्वामी ने कहा, 'पुलिस को इस पूरे मामले में संध्या की भूमिका की जांच करनी चाहिए। मेरे साथ रहने वाले तीन लोगों का इससे कुछ लेना-देना था। स्वामी ने आगे आरोप लगाया कि घटना वाले दिन उन्हें कुछ दिया गया था, जिससे वो नींद में चले गए थे और पांच साल से इससे संबंधित कोई चार्जशीट दाखिल नहीं की गई। उन्होंने कहा, 'मैं वह था जिसे वास्तव में प्रताडित किया गया था।'

## देश में 176.19 करोड़ से अधिक लोगों को लगी कोरोना वैक्सीन, जानें पाजिटिविटी दर का हाल

**नई दिल्ली।** देश मे कोरोना के केसों में लगातार कमी देखने को मिल रही है। इसके साथ ही देश में टीकाकरण अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। जानकारी के अनुसार देश में अब तक 176.19 करोड़ से अधिक लोगों को टीका लगाया जा चुका है। साथ ही पिछले 24 घंटों में 33.84 लाख से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 33.84 लाख से अधिक खुराक लोगों को दी गई है, जिसके बाद भारत में 19 टीकाकरण अभियान 176.19 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में अब तक (1,04,00,989) स्वास्थ्य कर्मियों ने पहला टीका लगवाया है। जबकि, 99,57,566 लोगों ने दूसरा टीका लगवाया है। इनमें दोनों डोज (40,92,955) लोगों को दी गई है। मंत्रालय के अनुसार टीकाकरण अभियान के तहत (1,84,08,453) फ्रंट लाइन कर्मियों को पहली खुराक दी गई है। वहीं, (1,74,25,974) को दूसरी खुराक दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 15-18 वर्ष के आयु के (5,40,95,926) युवाओं को पहला टीका लगाया गया है। जबकि, (2,38,74,286) युवाओं को दूसरा टीका लगाया गया है। इसके अलावा 18-44 वर्ष के (55,08,71,373) लोगों को पहला टीका लगाया है और दूसरा टीका (43,87,03,109) लोगों को लगाया गया है। इसी तरह 45-59 वर्ष के आयु वर्ग के (20,21,21,033) ने पहली खुराक प्राप्त की है और (17,89,56,844) लोगों ने दूसरी खुराक प्राप्त की है। 60 साल से अधिक उम्र के (12,62,84,159) लोगों को पहला टीका लगाया गया है, वहीं, (11,14,80,545) लोगों



को दूसरा टीका लगाया गया है। आपको बता दें कि पिछले 24 घंटों में 31,377 मरीज ठीक हुए हैं और महामारी की शुरुआत के बाद से अब तक ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 4,21,89,887 है। मंत्रालय ने कहा कि भारत की रिकवरी दर 98.42 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में देश में 15,102 नए मामले सामने आए, वर्तमान में भारत के सक्रिय केस 1,64,522 है। जो देश के कुल सकारात्मक मामलों का 0.38 प्रतिशत हैं। मंत्रालय ने आगे कहा कि देश भर में परीक्षण क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। पिछले 24 घंटों में कुल 11,83,438 टेस्ट किए गए। भारत ने अब तक 76.24 करोड़ (76,24,14,018) संचयी परीक्षण किए हैं।

## यूक्रेन में रह रही भारतीय मेडिकल स्टूडेंट से सीधा संवाद, छात्रा ने बताएं वहां के ताजा हालात

**नई दिल्ली।** यूक्रेन और रुस के बीच जंग की स्थिति बनी हुई है। पूरी दुनिया की निगाहें दोनों देशों पर टिकी हुई है। दिन-ब दिन तनाव और युद्ध के बादल गहराते जा रहे हैं। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अगले पल क्या होगा कुछ कहा नहीं जा सकता। इन सबके बीच, दूसरे देशों सहित भारत के हजारों छात्र यूक्रेन में फंसे हुए हैं। इनमें आजमगढ़, उत्तर प्रदेश की यूक्रेन के ओडेसा राष्ट्रीय चिकित्सा विश्वविद्यालय में मेडिकल की पढ़ाई कर रही, एक छात्रा रेनू यादव से दैनिक जागरण ने सीधी बातचीत की। बता दें कि इस गंभीर माहौल में यूक्रेन की नार्मल कालिंग सुविधाएं बंद कर दी गई हैं, जिसके कारण वॉट्सऐप कालिंग के जरिए यह संवाद स्थापित किया गया, जहां उन्होंने यूक्रेन की ताजा स्थिति के साथ भारत लौटने और आपनी आनलाइन पढ़ाई के बारे में बताया। नमस्ते यहां पर करीब 20 हजार से ज्यादा मेडिकल के स्टूडेंट्स हैं, जिनमें से लगभग 20-30 फीसद लोग भारत लौट चुके हैं, जबकि हम लोग अभी भी यहीं पर हैं, यूक्रेन में युद्ध की आशंकाओं के बीच सभी लोग तेजी से देश छोड़कर अपने





अपने देश लौट रहे हैं, जिसके कारण रोजाना फ्लाइट की बुकिंग के दौरान टिकट वेटिंग में जा रही है, लेकिन जल्द से जल्द हम सब भी भारत लौटेंगे। हमारी क्लासेस फिलहाल आनलाइन चल रही है। पहले से ही वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच हमारी क्लासेस आनलाइन कर दी गई थी, जो कि अब रुस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए फिर से आनलाइन कर दी गई हैं। कालेज द्वारा नोटिस में बताया गया है कि यह आनलाइन क्लासेस 25 फरवरी तक जारी रहेंगी। लेकिन इसके आगे की कोई आफिशियल नोटिस अब तक नहीं आई है। जी हां! काफी चीजें बदली हैं, हम आनलाइन क्लासेस ले रहे हैं। मेडिकल की पढ़ाई के लिए फिजिकल क्लासेस और प्रैक्टिकल प्रैक्टिसेज बहुत जरूरी है, लेकिन एक लंबे वक्त से यह सब चीजें बंद हो गई हैं। वहीं दूसरी तरफ, आनलाइन क्लास के दौरान, हर दिन यूक्रेन का नेशनल एंथम किया जा रहा है। यहां की स्थिति ज्यादा खराब नहीं है। यहां की जो भी खबरें बताई जा रही हैं, वह अभी इतनी भी खराब नहीं है, हम लोग जिन सड़कों पर अमूमन आया जाया करते थे। वहां पर अब ज्यादा हलचल नहीं है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि सड़कों पर सननटा पसरा हो। हमारी जरूरत की चीजों के लिए भी हमें ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ रहा है। हमारी क्लासेज भी रेग्युलर चल रही हैं। यहां की जो भी खबरें सामने आ रही है, उससे हमारे पेरेंट्स जरुर परेशान हो रहे हैं।

## बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष की हत्या मामले में 8 लोग हुए गिरफ्तार, जानें क्या है मामला

बेंगलुरु । कर्नाटक के शिमोगा में रविवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष की हत्या के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष हत्याकांड मामले में पुलिस ने अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि बजरंग दल कार्यकर्ता हर्ष की हत्या के मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, कल तक पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने बताया आज दो गिरफ्तारियां की गई है। अब तक आठ लोगों को हर्ष हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि कर्नाटक के शिमोगा में रविवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष की धारदार हथियार से गोद के हत्या कर दी गई थी। घटना के के बाद अभी भी इलाके में तनाव का माहौल है। एहतियात बरतते हुए प्रासशन ने शहर में धारा 144 लागू कर कफ्र्यू लगा दी थी। जिसे अब शुक्रवार तक के लिए बढ़ा दिया गया है। साथ ही अगले दो दिनों के लिए स्कूलों को और बंद रखने के आदेश भी जारी किए गए हैं। इससे पहले, शिमोगा एसपी लक्ष्मी प्रसाद ने बताया था कि हत्या के आरोप में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 12 अन्य लोगों से अभी पूछताछ जारी है।पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि हत्या के आरोप में जिन छह लोगो को गिरफ्तार किया गया है। उनके नाम मोहम्मद काशिफ, सैयद नदीम, अफसिफुल्ला खान, रेहान शरीफ, निहान और अब्दुल अफनान हैं। पायुक्त डा सेल्वामणि आर ने जानकारी देते हुए कहा कि इलाके में तनाव को देखते हुए अगले दो दिनों के लिए धारा 144 को और बढ़ा दिया गया है। जो शुक्रवार सुबह तक जारी रहेगी, इस दौरान जिले में दो दिनों तक स्कूलों को बंद रखने के आदेश भी जारी किए गए हैं।





## अंडरवर्ल्ड से कथित कनेक्शन पर ईडी की पूछताछ जारी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक से मुंबई स्थित प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर में पूछताछ जारी है। ईडी अधिकारी आज सुबह नवाब मलिक के आवास पहुंचे थे। आवास पर पूछताछ के बाद ईडी की टीम उन्हें अपने दफ्तर ले गई। पिछले कुछ घंटों से नवाब मलिक से पूछताछ की जा रही है। ईडी ने नवाब मलिक को अंडरवर्ल्ड से कथित संबंधों को लेकर तलब किया था। ईडी की टीम नवाब मलिक से पूछताछ कर रही है। उधर, नवाब मलिक के दफ्तर से एक ट्वीट किया गया है। नवाब मलिक के ऑफिस ने ट्वीट कर लिखा, 'ना डरेंगे ना झुकेंगे, 2024 के लिए तैयार रहें।' वहीं, एनसीपी और शिवसेना ने ईडी की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर हमला





बोला है। एनसीपी नेता नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि आज सुबह नवाब मलिक के यहां ईडी के लोग आए थे। बहुत दिनों से भाजपा के कार्यकर्ता, प्रवक्ता ट्वीट कर रहे थे कि नवाब मलिक और महाविकास अघाड़ी के खिलाफ ईडी का नोटिस आएगा। आज वह हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि महाविकास अघाड़ी के खिलाफ जो षड्यंत्र भाजपा कर रही थी उसे आज पूरा महाराष्ट्र देख रहा है। कोई नोटिस नहीं आया है। महाराष्ट्र के एक मंत्री को सीधा ईडी अपने दफ्तर लेकर गई है। इन्होंने कौन सी नई राजनीति शुरू की है ऐसा मैंने पहली बार होते देखा है। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि नवाब मलिक वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री हैं। ईडी जिस तरह से उन्हें उनके घर से ले गई, वह महाराष्ट्र सरकार के लिए एक चुनौती है। हमारे राज्य में आकर एक मंत्री को केंद्रीय एजेंसियां ले जाती हैं। 2024 के बाद आपकी भी जांच होगी। इसे ध्यान में रखो। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नवाब मलिक पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। फडणवीस ने मलिक पर अंडरवर्ल्ड से संबंधों का आरोप लगाया था। फडणवीस ने कहा था कि नवाब मलिक के परिवार ने अंडरवर्ल्ड के लोगों से जमीन खरीदी हैं। फडणवीस ने यह भी कहा था कि जमीन को दाऊद के लोगों से बेहद सस्ते दाम में ली गई। आखिर क्यों उन्होंने मुंबई ब्लास्ट के आरोपियों से जमीन की खरीद-फरोख्त की फडणवीस ने सवाल किया था कि नवाब मलिक आपने मुंबई के गुनहगारों, मुंबई में बम विस्फोट करने वालों से जमीन क्यों खरीदी ऐसी कौन सी बात थी कि जिसके कारण मुंबई के गुनहगारों ने एलबीएस रोड पर तीन एकड़ जमीन आपको 20 लाख रुपये में दे दी फडणवीस ने दावा किया था कि चार प्रॉपर्टी में 100इ अंडरवर्ल्ड का एंगल है। मेरे पास जो सारे सबूत हैं, मैं वो सक्षम प्राधिकारी को दूंगा। मैं ये सारे सबूत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार को भी दूंगा, ताकि उनको भी पता चले कि उनके मंत्रियों ने क्या गुल खिलाए हैं।

# जसरा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद की विशाल जनसभा

(आधुनिक समाचार सेवा)
राकेश मिश्रा

**प्रयागराज।** विधानसभा बारा ईश्वर दिन छेदी लाल इंटर कॉलेज मैदान पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद विशाल जनसभा करते हुए बारा विधानसभा बारा से भाजपा अपना दल संयुक्त निषाद पार्टी उम्मीदवार वाचस्पति के जीत के लिए निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनता के बीच में अपनी बात कहते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाई राशन से लेकर के आवास तक गरीबों के उत्थान इसी सरकार में है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ योगी की भी व्याख्यान जनता के बीच में कहते हुए नजर आए कँजासा जगदीशपुर वीरवार जमुना के तराई के किनारे बसे हुए लोग जो कि जमुना से बालू का कार्य करते हैं मजदूरी करते हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने अपनी आवाज उठाते हुए नजर आए गांव के लोगों की मांग बालू का कार्य चालू किया जाए जिससे गरीबों की रोजी रोटी चल सके राष्ट्रीय अध्यक्ष



जनता के बीच में आश्वासन देते हुए अगर आप लोगों का साथ सहयोग भरपूर मिलेगा तो आप लोगों की मांग पूरी की जाएगी बालू का कार्य चालू किया जाएगा किसी का भी पेट भूखा नहीं मरने पाएगा डॉ संजय कुमार की जनसभा में जनता की उत्साह दिखी उन्होंने भीड़ देखकर के प्रसनन्ता जाहिर की वाचस्पति को भारी बहुमत से जिताने की अपील करते हुए नजर आए इस कई थानों की फोर्स डटी थी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बारा विधानसभा के प्रत्याशी वाचस्पति अपना दल के अध्यक्ष निषाद पार्टी के अध्यक्ष चुनाव प्रभारी सुभाष केसरी मीडिया प्रभारी दिलीप चतुर्वेदी चुनाव संयोजक चंद्र प्रकाश त्रिपाठी कार्यवाहक प्रीतम केसरवानी राजमणि पटेल कार्यकर्ता और जनता की अपार भीड़ दिखी जनसभा में मीडिया कर्मी भी उपस्थित दिखे।

# सीएम योगी आदित्यनाथ का रोड शो एवं जनसभा 25 फरवरी को

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 फरवरी को प्रयागराज में शहर दक्षिणी, उत्तरी व दक्षिणी के प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो और जनसभा करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे झलवा चौराहे से रोड शो का शुभारंभ करेंगे। रोड शो राजरूपपुर ,चकिया, लूकरगंज तिराहा, हिम्मतगंज, मछली बाजार, खुल्दाबाद से होते हुए नखासकोना तक जाएगा। बाद में सीएम शाम 5 बजे जनसभा को संबोधित भी करेंगे। पांचवें चरण के 60 सीटों के विधानसभा चुनाव के लिए सभी दलों का फोकस प्रयागराज में है। क्योंकि इस चरण में प्रयागराज, प्रतापगढ़ और कौशाम्बी की 22 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। अगर इस लिहाज से देखा जाए तो एक तिहाई से अधिक सीटें इन तीन जिलों में है। सीधी सी बात है कि यह 22 सीटें सभी राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण हैं। यही कारण है कि इन तीन जिलों के लिए सभी दिग्गज ताकत झोंकने को आतुर हैं।



# भाजपा सांसद रीता का खुलासा- बेटे मयंक को सपा दे रही थी टिकट परिवार के समझाने पर नहीं लड़े चुनाव

**प्रयागराज।** इलाहाबाद की सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी के पुत्र मयंक जोशी की सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारे में हलचल बढ़ गई है। इस संबंध में डा. जोशी ने बुधवार को कहा कि वह 27 फरवरी तक प्रयागराज में रहेंगी। यहां पांचवें चरण के मतदान के बाद वह लखनऊ जाएंगी। तभी बेटे मयंक जोशी से सपा अध्यक्ष से मुलाकात की वजहों पर चर्चा करेंगी। उसके बाद ही इस मुलाकात के संदर्भ में कुछ कहेंगी। यहां बता दें कि टिकट वितरण शुरू होने से पहले ही यह बात सामने आई थी कि मयंक चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं और रीता जोशी ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके लिए टिकट मांगने के साथ ही यह प्रस्ताव भी दिया था कि अगर पार्टी चाहे तो वह खुद इस्तीफा भी दे सकती हैं। भाजपा सांसद रीता ने जोशी इस बात का खुलासा किया कि भाजपा से जब मयंक को टिकट नहीं मिला तो सपा नेता चाहते थे कि उनकी पार्टी से मयंक चुनाव लड़ें। इसके लिए अंतिम समय तक कैंट विधानसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा भी रोकी गई थी लेकिन उनके पुत्र ने



परिवार की बात मानकर सपा के टिकट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। उस घटनाक्रम के बाद से वह प्रयागराज आ गईं और पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रही हैं।

# मदरसे के शिलान्यास का पत्थर तोड़ा, प्रिंसिपल ने की रिपोर्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** लालगंज थाना क्षेत्र के डीहमेहदी ग्राम पंचायत में महमूदिया जामिया इस्लामिया मदरसा के सामने लगे हुए शिलन्यास के पत्थर को तोड़ दिए जाने पर विद्यालय समिति ने एतराज एवं आक्रोश जताया है।मदरसे के प्रिंसिपल मुमताज अली ने लालगंज थाने में की गई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि इस गाँव के शाह जमा और रमजान अली ने 30 साल से लगे हुए शिलान्यास के पत्थर और इंटरलॉकिंग की दीवार को तोड़ दिया।उन्होंने आरोप लगाया है कि ये लोग दबंग किस्म के हैं जिससे मदरसे के शिक्षकों और समिति व छात्र-छात्राओं के लिए परेशानी व खतरा है।

# ग्रामीणों का आरोप,भ्रष्ट है ग्राम पंचायत अधिकारी एवं प्रधान

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** विकास खण्ड लक्ष्मणपुर में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी सुधाकर मौर्य के बारे में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वह एक भ्रष्ट ग्राम पंचायत अधिकारी है।वह चमरूपुर शुक्लान ग्राम पंचायत का ग्राम पंचायत अधिकारी है लेकिन वह कभी भी इस ग्राम पंचायत में अपना चेहरा नहीं दिखाता है। कहने को यहाँ ग्राम पंचायत भवन बना है लेकिन वह कभी भी ग्राम पंचायत भवन में न तो बैठता है न ही लोगों की समस्याओं के निदान का कार्य करता है।लोग पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र आदि के लिए उसे ढूँढते रहते हैं लेकिन वह कभी भी इस ग्राम पंचायत में आना मुनासिब नहीं समझता है। लोगों का कहना है कि ऐसे ग्राम पंचायत अधिकारी को न तो लोग पहचानते हैं और न ही दो चार लोगों के सिवा कोई उसका नाम जानता है।वह वास्तविक ग्राम प्रधान के बजाय अपनी जाति के एक व्यक्ति को ग्राम प्रधान मान बैठा है और वह राजा मौर्य नाम के व्यक्ति को ही ग्राम प्रधान समझता है और सबसे उसे ही ग्राम प्रधान बताता है। राजा प्रधान के पास जेसीबी है।उसी से वह जिन ग्रामों में तैनात है ग्राम पंचायत के कार्यों को करवाना उचित समझता है मनरेगा मजदूरों की भी वह उपेक्षा करता है।जहाँ मेड़बंदी करवाता है,वहाँ खेत का समतलीकरण दिखाकर ग्राम प्रधान निर्मला देवी, राजा मौर्य और स्वयं खुद मिलकर शासन के धन का बंदरबाँट कर लेता है।अभी कुछ महीनों पहले ही उस पर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए इस ब्लॉक से हटाया गया था लेकिन राजनीतिक पकड़ के नाते वह फिरसे से ब्लॉक में आ गया है और शासन और प्रशासन की आँखों में धूल झोंक कर अपना महल ऊँचा कर रहा है।ऐसे ग्राम पंचायत अधिकारी सुधाकर मौर्य के कारनामों से इस ग्राम पंचायत के लोग परेशान हैं।वे आक्रोशित भी हैं।भविष्य में इस ग्राम के लोग उसकी कलयुगी आरती उतारने लगे इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

# बिना नंबर के ट्रैक्टर खोद रहे हैं मिट्टी, बालू हो रही है दुर्घटनाएं

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** जमुनापार में इन दिनों बिना नंबर के ट्रैक्टर मिट्टी बालु की खुदाई कर रहे हैं।नियमों की अनदेखी करके खुदाई कर रहे इन ट्रैक्टरों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह ट्रैक्टर बेतरतीब ढंग से मार्ग में खड़े हो जाते हैं।यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हुए अपनी मर्जी से ट्रैक्टर चलाने वाले चालक आए दिन दुर्घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं।मिट्टी का खनन भी यहाँ नियमों की अनदेखी करके की जा रही है। इससे न केवल प्राकृतिक संकट की आशंका को बल दिया जा रहा है बल्कि आए दिन ट्रैक्टर की दुर्घटना से शिकार लोग अंग भंग एवं जान से हाथ धो रहे हैं। प्रशासन मूकदर्शक हो कर देख रहा है।प्रशासन की अनदेखी से मिट्टी एवं बालू खनन से लगे हुए ठेकेदार चाँदी काट रहे हैं जबकि शासन और प्रशासन को ठेंगा दिखाकर आम आदमी को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कर ऐसे लोगों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करने की माँग की है।



# 27 फरवरी को रहेगा सार्वजनिक अवकाश-जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डॉ0 नितिन बंसल ने बताया है उत्तर प्रदेश शासन श्रम अनुभाग-3 लखनऊ के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन - 2022 में मतदान दिवस पर कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मतदान की सुविधा हेतु उन्हें अवकाश प्रदान किया जाएगा। इस सम्बन्ध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-135 (ख) के प्राविधानों के अनुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश प्रदान किया जायेगा तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद प्रतापगढ़ में पंचम चरण में दिनांक 27 फरवरी 2022 (दिन रविवार) को मतदान है। जनपद प्रतापगढ़ में स्थित अवरिल कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान हेतु उपयुक्त अवसर प्रदान किया जायेगा तथा अनविरल कारखानों, दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है तथा कर्मचारियों से अगले साप्ताहिक अवकाश पर कार्य नहीं लिया जायेगा।

# पीएम मोदी का अखिलेश पर कटाक्ष

**प्रयागराज।** यूपी विधानसभा चुनाव में आज बुधवार को कौशांबी में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अखिलेश यादव पर महात्मा बुद्ध की प्रतिमा को अपने सामने से हटाने के वाकये का जिक्र करते हुए कटाक्ष किया। पीएम मोदी ने कहा- मैं कल यहां कौशांबी का एक वीडियो देख रहा था, यहीं का वीडियो था। ये घोर परिवार वादी किस तरह दलितों का अपान करते हैं यह उस वीडियो में साफ दिखाई देता है। पीएम ने कहा कि इन घोर परिवारवादियों को भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा तक भी स्वीकार करना गवारा नहीं है। प्रधानमंत्री ने सवाल किया कि यह भगवान बुद्ध का अपमान है कि नहीं, यह दलितों का अपमान है कि नहीं है, यह पिछड़ों का अपमान है ।

# ऐसी विधानसभा जहां स्वयं श्रीरामचंद्र जी ने धोए थे अपना पाप

(आधुनिक समाचार)
पंडित सुधांशु तिवारी

**सुलतानपुर ।** जिले की लंभुआ विधानसभा क्षेत्र में एक धोपाप तीर्थ स्थल है. कहा जाता है कि रावण को मारने के बाद पाप मुक्ति के लिए यहीं पर श्रीराम ने नान के साथ ही अपने धनुष- बाण धोए थे. वहीं इस सीट पर ब्राह्मण और दलित मतदाताओं की संख्या अधिक है. जो निर्णायक भमिका निभाते हैं. उत्तर प्रदेश के अवध प्रांत में स्थित एक जनपद सुल्तानपुर है. इसी जनपद मे है विधानसभा लंभुआ इस क्षेत्र का विशेष पौराणिक महत्व है. इस क्षेत्र में एक धोपाप नाम का विशेष पौराणिक स्थल है, जिसकी खास मान्यता है. पौराणिक कथाओं के अनुसार यहीं पर रावण को मारने के बाद पाप मुक्ति के लिए भगवान श्रीराम ने गोमती नदी में सनन करके अपने धनुष और बाण को भी धोया था. जिसके बाद धोपाप नाम से यह स्थान प्रसिद्ध हो गया. वहीं यहां पर भगवान शिव का प्रसिद्ध जनवारी मंदिर भी मौजूद है. बात उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 की बात हो रही है. तो लंभुआ विधानसभा सीट की करते हैं.असल में 2008 के परिसीमन से पहले चांदा विधानसभा के नाम से यह सीट जानी जाती थी. वहीं 2017 में बीजेपी के देवमणि द्विवेदी की जीत हुई थी. जिन्होंने 15 साल इस सीट पर कमल खिलाया था. इस सीट पर सिर्फ एक बार सपा की हुई है जीत इस सीट के राजनीतिक इतिहास की बात करें तो 1989 में जनता दल के अशोक पांडे ने इस सीट पर जीत दर्ज की. 1991 में बीजेपी के टिकट पर अरुण सिंह जीत कर विधानसभा पहुंचे. 1993 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी ने यहां से जीत दर्ज की. 1996 और 2002 में यहां से बीजेपी के अरुण सिंह ने दोबारा जीत दर्ज की. 2007 के चुनाव में बसपा के विनोद कुमार सिंह ने इस सीट पर विजय फताका फहराया. 2012 में सपा के संतोष पांडे ने जीत दर्ज की और वह वह विधानसभा पहुंचे. 2017 के चुनाव में इस सीट से भाजपा के देवमणि द्विवेदी विधायक चुने गए हैं. वहीं राजनीतिक तौर पर कहा जाता है कि यह सीट बाहरी उम्मीदवारों के लिए उपजाऊ है. राजनेता आरोप लगाते रहे हैं कि इस सीट पर अवसर क्षेत्र से बाहर रहने वाले उम्मीदवार जीत दर्ज करते रहें. इस सीट पर दलित और ब्राह्मण मतदाता निर्णायक लंभुआ विधानसभा सीट पर दलित और ब्राह्मण मतदाता निर्णायक माने जाते हैं. एक आंकड़े के अनुसार इस सीट पर 3,56,962 मतदाता हैं, जिनमें 1,87,359 पुरुष, 1,69,585 महिला मतदाता हैं. बात जातिगत समीकरण की करें तो इस सीट पर दलित मतदाताओं की संख्या 80,000 है. वहीं 77,000 ब्राह्मण मतदाता और 42,000 यादव, 42 हजार राजपूत मतदाता हैं, जबकि 38,000 मुस्लिम मतदाता है. सामाजिक ताना-बाना लम्भुआ विधानसभा की कुल जनसंख्या 541182 और इस विधानसभा के कुल मतदाताओं की संख्या 356962 है. जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 187359 है. और महिला मतदाताओं की संख्या 169585 है. इसके अलावा इस विधानसभा में थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 18 है . 2017 का जनादेश 2017 के विधानसभा चुनाव में लम्भुआ सीट पर कुल 14 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था लेकिन मुकाबला सपा, बसपा और भाजपा के बीच था, भाजपा प्रत्याशी देवमणि द्विवेदी को 78,627 मत मिले थे. जबकि दूसरे नंबर पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी विनोद सिंह को 65724 वोट मिले थे. संतोष पांडेय 47633 मत पाकर तीसरे नंबर पर रहे थे. 2017 के विधानसभा चुनाव में लम्भुआ सीट में कुल मतदाता 350951 थे. जिसमें से 201692 लोगो ने वोटिंग की.यह वोटिंग प्रतिशत 57.47 फीसदी रहा था. इस बार मैदान में है विधानसभा चुनाव में पहली बार किस्मत आजमा रहे बसपा के टिकट से डॉ अवनीश कुमार सिंह गुड्डू व कांग्रेश के टिकट से पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे युवा नेता विनय विक्रम सिंह एवं जयसिंहपुर विधानसभा से भाजपा विधायक सीताराम सपा के ही टिकट पर अजमा आएंगे अपनी किस्मत मुकाबला बड़ा दिलचस्प है लम्भुआ की जनता किसको भेजेगी विधानसभा हालांकि लम्भुआ विधानसभा का एक अपना इतिहास है की सबसे ज्यादा बाहरी लोगों को मौका देती है।


## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

1.**प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। 2.**चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। 3.**आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। 4.**आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। 5.आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। 6.**कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। 7.**छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। 8. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। 9.**दाखिले की अंतिम तिथिः-** 28 फरवरी 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

# 96 हजार टन हुई धान की खरीद, लक्ष्य के करीब

बलिया । जिले में धान की खरीद अब लक्ष्य के समीप पहुंच गई है। शुरूआत में शासन से धान खरीद लक्ष्य 1.24 लाख टन निर्धारित किया गया था, लेकिन फरवरी में धान खरीद का लक्ष्य 98 हजार टन कर दिया गया। इसके सापेक्ष अब तक 96 हजार टन धान की खरीद हुई है। कुल 186.24 लाख की धान जिले के 18233 किसानों ने बिक्री किया है। धान का समर्थन मूल्य 1940 रुपये हैं। धान खरीद की अंतिम तिथि 28 फरवरी है। ऐसे में जिन किसानों के धान की खरीद अभी तक नहीं हुई है, वह अभी भी परेशान हैं। वह एक के बाद दूसरे केंद्र पर जा रहे हैं, लेकिन उनकी खरीद नहीं हो पा रही है। शुरूआत में जिले में 72 केंद्रों पर धान की खरीद हो रही थी। अब मात्र 43 केंद्रों पर धान की खरीद हो रही है। पूर विकासखंड पंदह में धान



क्रय केंद्रों के बंद हो जाने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। इस ब्लाक में कुल चार क्रय केंद्र बनाए गए हैं, लेकिन सभी केंद्र बंद कर दिए हैं। किसान परेशान हैं। धान बेचने के लिए वह समीप के केंद्रों पर जा रहे हैं, लेकिन वहां पहले से भीड़ है। अब कम समय में उनके धान की खरीद होगी या नहीं, यह भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। 28 फरवरी तक धान की खरीद होगी। खरीद लक्ष्य के समीप है। मिलरों द्वारा धान का उठान भी तेजी से किया जा रहा हैं। पहले लक्ष्य 1.24 लाख टन था, इसे बाद में शासन से 98 हजार टन कर दिया गया है।

# ट्रक ने कुचला, पीआरडी जवान की मौत, छात्रा घायल

**सुखपुरा (बलिया) ।** थाना क्षेत्र के गड़वार-सुखपुरा मार्ग पर भोजपुर पुलिया के समीप बुधवार को सुबह 9.30 बजे ट्रक की जद में आने से एक पीआरडी जवान की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक छात्रा घायल हो गई। छात्रा को निजी चिकित्सकों के यहां इलाज कराया गया। मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं ट्रक सहित चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। गड़वार-सुखपुरा मार्ग पर गड़वार की तरफ से सीमेंट लदा एक ट्रक सुखपुरा की तरफ आ रहा था। गड़वार के तरफ से ही पीआरडी का जवान धर्मपाल राजभर (45) पुत्र मुकुंद प्रसाद निवासी महमूदपुर थाना गड़वार ड्यूटी करने साइकिल से सुखपुरा आ रहा था। उसकी ड्यूटी एसबीआइ ब्रांच सुखपुरा पर लगी थी। गड़वार से आ रहे ट्रक ने पहले छात्रा सविता को टक्कर मार दी। इसके बाद अनियंत्रित होकर साइकिल सवार पीआरडी जवान धर्मपाल को रौंदते हुए सड़क किनारे खड़ा हो गया। चालक भागने के फिराक में था कि ग्रामीणों ने चारों तरफ से घेर कर उसे पकड़ लिया। वहीं पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुखपुरा दुर्गेश्वर मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया व घायल छात्रा को इलाज के लिए भेज दिया। ट्रक चालक उपेंद्र यादव पुत्र राम नारायण यादव निवासी जापलिनगंज को गिरफ्तार कर लिया। धर्मपाल राजभर के पुत्र सितेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बाइक के धक्के से व्यक्ति की मौत सुखपुरा



थाना क्षेत्र के पचखोरा निवासी 55 वर्षीय शिवपरसन शर्मा अपने डेरा से जा रहे थे कि उसी गांव के दीपू राम पुत्र नवल किशोर निवासी पचखोरा ने बाइक से जोरदार धक्का मार दिया जिससे वह घायल हो गए। घरवाले उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पुत्र सुरेंद्र शर्मा ने बुधवार को लिखित तहरीर थाना सुखपुरा को दिया। सुखपुरा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

# सीधे खाते में मिलेगा निर्वाचन में लगे वाहनों का पैसा

**गाजीपुर।** विधानसभा चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों व सुरक्षा बल के जवानों को मतदान केंद्रों तक ले जाने-आने व भ्रमण के लिए लगने वाले निजी वाहन स्वामियों के लिए राहत की बात है। अब उन्हें चुनाव संपन्न होने पर वाहन का किराए लेने के लिए उप संभागीय परिवहन कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। चुनाव के बाद किराया उनके बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर हो जाएगा। इसके लिए वाहन मालिकों का खाता नंबर और इंडियन फाइनेंसियल सिस्टम कोड (आइएफएससी) चुनाव आयोग की वेबसाइट पर फीड किया जाएगा। मतदान के एक दिन पूर्व मतदान कार्मिकों को पोलिग स्टेशन तक पहुंचाने के लिए बसों के साथ सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों के भ्रमण के साथ पुलिस पार्टियों व पैरा मिलिट्री फोर्स के लिए कुल 1550 छोटे बड़े वाहनों के अधिग्रहण की गई है। मतदान में बसें, स्कूल बस व अन्य वाहन के साथ निजी वाहन भी अधिग्रहित किए गए है। तमाम वाहन स्वामी निर्वाचन कार्य में अपने वाहन लगाने से इसलिए भी कतराते हैं, कि निर्वाचन होने के बाद किराए के भुगतान के लिए चक्कर लगाना पड़ता था। बहरहाल अब ऐसा नहीं होगा। किराया मिलने में परेशानी के मद्देनजर चुनाव आयोग द्वारा सीधे वाहन स्वामियों के खाते में पैसा ट्रांसफर करने की व्यवस्था सुनिश्चित की है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राम सिंह ने बताया कि पुलिस पार्टी के लिए अधिग्रहित वाहनों का किराया गृह विभाग देगा जबकि अन्य वाहनों का किराया चुनाव आयोग से सीधे खाते में आएगा, इस व्यवस्था से काफी सहूलियत होगी।

# पुलिस ने की निरोधात्मक कार्रवाई

**भांवरकोल(गाजीपुर) ।** विधानसभा चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष वागीश विक्रम सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अब तक शांतिभंग की आशंका को देखते हुए 1961 लोगों को 107/116 में पाबंद किया गया। जिसमें 960 लोग जमानत करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 31 लोगों पर 110 जी की कार्रवाई की गई है। 6 लोगों को गुंडा एक्ट की करवाई की गई है। कुल 555 शस्त्र में से 320 जमा हुए। उन्होंने क्षेत्र के गांवों में गश्त करके लोगों को शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। ताया कि पुलिस दल के चक्रमण के अलावा सीमा में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की विभिन्न टीमें लगाकर गहनता से जांच की जा रही है। गंगा नदी के किनारे नाव एवं पीपा पुल से आने जाने वालों की निगाहबानी की जा रही है। आरक्षियों को सादे कपड़ों में तैनात किया गया है।

# दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**भांवरकोल (गाजीपुर)।** लगभग तीन माह पूर्व दुर्घटना में घायल कुंडेसर गांव निवासी युवक अजय खरवार(20) पुत्र दयाशंकर खरवार की सोमवार की शाम मौत हो गई। कुन्डेसर गांव निवासी अजय गत 21 नंबर को बाइक से मुहम्मदाबाद जा रहा था। जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग -31 पर सुरतापुर गांव के समीप पहुंचा कि तेज रफ्तार पिकअप के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी ले जाया गया। वहीं उसका इलाज चल रहा था। इलाज के बाद अभी दो दिन पूर्व ही वह गांव आया था। इस बीच सोमवार की शाम उसकी मौत हो गई। अजय कुन्डेसर चट्टी पर ही ठेला लगाकर फास्ट-फूड की दुकान चलाता था।

# उम्र 18 हो गई पूरी, वोट डालना बहुत जरूरी

**दुल्लहपुर (गाजीपुर)।** क्षेत्र के जलालाबाद स्थित मां शारदा महिला पीजी कालेज परिसर में लोकतंत्र के महापर्व आगामी 7 मार्च को होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कई पीजी कालेज की छात्राओं ने मतदान जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी और विशिष्ट अतिथि एसडीएम जखनियां वीर बहादुर सिंह यादव व जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी राय ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कई पीजी कालेज की छात्राओं ने शपथ लेकर चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने का प्रेरित किया। मतदान जागरूकता रैली में तख्तियों पर लगे विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिए छात्राओं ने भ्रमण किया। 'उम्र 18 हो गई पूरी, वोट डालना बहुत जरूरी' और राष्ट्र का जो उत्थान करें उसी को मतदान करें के नारे लगाए। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक जलालाबाद के स्काउट बच्चों ने बैंड बाजा बजा कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। एसपी सिटी ने आकर्षक रंगोली का अवलोकन किया। छात्राओं को देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म ,वर्ग, जाति ,समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रयोग से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। छात्राओं ने सरस्वती, गणेश वंदना, स्वागत गीत एकांकी सहित अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बीडीओ संदीप श्रीवास्तव, पारस नाथ राय ,बृजेश कुमार मौर्य, चंद्रकेश गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित यादव राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक व संचालन जितेंद्र कुशवाहा ने किया। प्राचार्य सूरज कुमार मौर्य ने सबका आभार प्रकट किया।



# सात चिकित्सक की जगह दो की तैनाती

**जमानियां (गाजीपुर)।** चिकित्सकों व चिकित्सकों के अभाव में स्थानीय ब्लाक क्षेत्र का एकमात्र बरुइन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुद लंबे अरसे से बीमार है। ऐसे में क्षेत्र के रोगियों की हालत का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। 30 बेड वाले इस अस्पताल के प्रति जनप्रतिनिधि व अधिकारी पूरी तरह से लापरवाह बने हैं। सरकारी मुलाजिमों की उदासीनता के चलते अस्पताल दिन पर दिन बदहाल होता जा रहा है। यहां सात डाक्टरों का पद है, जबकि महज दो डाक्टर ही तैनात हैं। वे डाक्टर भी यहां निवास नहीं करते हैं। यहां एक भी महिला डाक्टर नहीं हैं। जबकि यहां स्टाफ नर्स के सात पद हैं, परंतु एक भी नियुक्त हैं। अस्पताल में रात्रिकालीन उपचार का कोई प्रबंध नहीं है। इमरजेंसी सेवा आज तक शुरू नहीं हो सकी। इससे कर्मनाशा के किनारे के सुदूर हिस्से में बसे लोगों को बेहतर सुविधायुक्त अस्पताल कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। एनएच-24 के किनारे यह अस्पताल मौजूद है। परंतु सड़क हादसे में जख्मी होने वाले लोगों का भी यहां उपचार नहीं हो पाता है। डेन्टल विभाग में लगी मशीनों के साथ एक्स-रे मशीन एक साल से धूल फांक रही हैं। यहां न तो डेंटिस्ट हैं और न ही एक्स-रे टेकनेशियन। अस्पताल की बाउंड्री ध्वस्त हो चुकी है। लाखों की आबादी स्वास्थ्य सेवा के लिए इस अस्पताल पर निर्भर है। जबकि इस अस्पताल की दशा को देख लगता ही नहीं कि यह अस्पताल है। इसकी बदहाली के चलते लोग निजी अस्पतालों या फिर दूसरे नगरों में जाने को बाध्य हैं। लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को पत्रक सौंपकर अस्पताल की बदहाली दूर कराने की मांग की,




परंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही। ओपी सिंह, अजय सिंह, मनोज पांडेय, बबलू व विपिन सिंह आदि ने बताया की स्थापना के बाद से आज तक इस अस्पताल का क्षेत्र के लोगों को कोई फायदा नहीं मिला। लाखों की लागत से बने अस्पताल में न तो डाक्टर आते हैं न ही स्टाफ ऐसे में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।गियों का उपचार करने में परेशानी होती है। यह विभागीय अधिकारियों के भी संज्ञान में है। चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ मिलने के बाद व्यवस्था ठीक हो जाएगी।

# फिर जाम ने किया हलकान, परेशान हुए लोग

**बलिया ।** शहर में जाम की समस्या से निजात नहीं मिल रही है। मंगलवार को एक बार फिर शहर की रफ्तार थम सी गई। दिन में कई बार जाम की स्थिति बनने से लोग परेशान हो गए।



यातायात पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। शहीद पार्क चौक, मालगोदाम रोड, एससी कालेज चौराहा, मिडढा मोड़, टीडी कालेज चौराहा, चित्तू पांडेय चौराहा आदि इलाकों में वाहन रेंगेते रहे। मुख्य मार्गों पर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण भी जाम की स्थिति बन गई। शहर में जाम की समस्या नासूर बन गई है। इस समस्या की मुख्य वजह अतिक्रमण है। इसके कारण सड़कें सिकुड़ गई हैं। इसके अलावा बेतरतीब खड़े वाहनों से बाजार में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। शहरवासियों को जाम से निजात दिलाने के कई बार वन-वे की व्यवस्था लागू की गई लेकिन उसका कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया।

# दयाशंकर ने गंगा उस पर के गांवों में किया जनसंपर्क

**बलिया ।** नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के प्रत्याशी दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को बलिया नगर विधानसभा क्षेत्र के परानपुर, जंवही, शिवपुर दियर के



विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर समर्थन में मतदान की अपील की। प्रत्याशी का क्षेत्रीय जनता एवं कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्रा सेतु पर स्वागत किया। जंवही हनुमान मंदिर के पास आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए दयाशंकर सिंह ने कहा कि पार्टी ने उन्हें बलिया का सिपाही बनाकर सेवा के लिए भेजा है। वे सबको विश्वास दिलाते हैं कि विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन होगा। गौरव के अनुसार यहां योजनाएं विशाल रूप लेंगी। विकास का पूरा खाका मन में तैयार है। इस मौके पर नागेंद्र पांडेय, वशिष्ठ दत्त पांडेय, चंद्र प्रकाश पाठक, महावीर चौधरी, दिनेश पाठक, वीरेंद्र कुमार पाठक टून जी, ग्राम प्रधान डब्लू ओझा, अखिलेश चौबे, विध्याचल, सुनील सिंह, मनोज पांडेय आदि मौजूद रहे। संचालन ग्राम प्रधान डब्लू ने किया।

# हरहुआ में छात्राओं ने मतदाता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूकता छात्राओं ने लोगों से कि प्रेरित पहले मतदान उसके बाद जलपान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सर्वेश कुमार यश**

**हरहुआ (वाराणसी) ।** लोगों को जागरूक होकर मतदान निस्वार्थ भाव से करना चाहिए तभी देश का होगा भविष्य उज्जवल छात्राओं



ने लोगों से किया अपील- उक्त बातें विकास खंड के हरहुआ बैजलपट्टी स्थित राजेश्वरी महाविद्यालय में छात्राओं ने लोगों को मतदान करने को किया जागरूकता। वहीं प्रबंधक डॉ राघवेंद्र नारायण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। आस पास के गांवों बैजल पट्टी, अनौरा,दासेपुर,भक्तूपुर इत्यादि गांवों में लोगों को पहले मतदान फिर जलपान करने के लिए प्रेरित किया ।छात्राओं ने विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से रैली को प्रभावपूर्ण बनाया।रैली में अन्य शिक्षकगण प्रियंका सिंह,रागिनी रंजन अस्थाना,अमिता सिंह,अकबाल अहमद , उप प्रबंधक अंशुमान सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# आजमगढ़ में अवैध शराब फैक्ट्री का राजफाश, भारी मात्रा में शराब बरामद, सात गिरफ्तार

**आजमगढ़ ।** अहरौला थाना क्षेत्र के रुपाईपुर गांव में बुधवार की देर रात पुलिस ने दवा कारोबारी के मकान में संचालित अवैध शराब फैक्ट्री का राजफाश किया है। मकान से भारी मात्रा में शराब की बरामदगी के साथ सात तस्करों



को गिरफ्तार किया गया है। पांच तस्कर भागने में सफल हो गए, जबकि सात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। माहुल में शराब से हुई पांच मौत और दर्जनों के बीमार पड़ने की घटना के बाद पुलिस सक्रिय हो गई हैं। तस्करी का सिंडिकेट खत्म करने के लिए पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने क्राइम ब्रांच को लगाया है। क्राइम ब्रांच एवं अहरौला थाना पुलिस ने रुपाई पुर गांव स्थित मोहम्मद फहीम पुत्र मोहम्मद सईद के घर पर छापेमारी की। पुलिस अधीक्षक ने बताया मोहम्मद फहीम अपने भाइयों के साथ मिलकर अवैध शराब फैक्ट्री का संचालन कर था था। मोहम्मद फहीम के घर के निचले हिस्से से 15 पेटी अवैध शराब, छत पर कमरे से दो पेटी, मारुति वैन से पांच पेटी, आटो रिक्शा से तीन पेटी शराब बरामद हुई है। इसके अलावा छह ड्रम लहन, भारी संख्या में रैपर , पैकिंग मशीन, 15 पेटी ओनरेक्स सीरप दवा, 20 हजार खाली बोतलें विभिन्न प्रकार के फ्लेवर्स की बोतलें,10 हजार फर्जी बारकोड, वैन, आटो रिक्शा, मोटरसाइकिल एवं एक स्कूटी बरामद हुई है।

# हत्यारोपित को छुड़ाने के लिए किन्नरों ने पुलिस की गाड़ी में की तोड़फोड़

**मरदह (गाजीपुर)।** थाना क्षेत्र के डोड़सर गांव में सोमवार को सगे भाई धर्मेंद्र यादव को मामूली विवाद में छड़ से हमला कर हत्या करने के आरोपित राकेश यादव को थाने से छोड़ने के लिए किन्नरों ने जमकर हंगामा काटा। थाने की मेज और पुलिस जीप के शीशे तोड़ दिए और पुलिसकर्मियों के साथ गाली गलौज की। उधर, पुलिस ने किन्नरां का पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया था। इसको लेकर राकेश के साथ रहने वाला किन्नर शबनम अपने साथियों को लेकर मंगलवार को थाने पहुंचा। किन्नरों ने पुलिस पर हत्यारोपित राकेश यादव को छोड़ने का दबाव बनाया। पुलिस के मना करने पर मेज पर रखा शीशा और पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड दिए। पहुंची। पुलिस के समझाने के प्रयास के बाद भी किन्नर राकेश यादव को छोड़ने की जिद पर अड़े हुए थे। इसके बाद सीओ मुहम्मदाबाद पीएसी लेकर पहुंचे तो किन्नर शात हुए। पुलिस ने हत्यारोपित को दूसरे रास्ते से निकालकर कोर्ट मे पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मरदह थानाध्यक्ष राजकुमार यादव ने बताया कि तोड़फोड़ करने



बवाल देखकर हत्यारोपित को दूसरे रास्ते से जेल भेज दिया। पुलिस ने सात किन्नरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज, शांतिभंग में चालान कर दिया। सोमवार को जर्जर मकान की ईट रखने के विवाद में छोटे भाई राकेश यादव ने राड मारकर धर्मेंद्र यादव की हत्या कर दी थी। इस मामले में मां विमली देवी की तहरीर पर पुलिस ने राकेश यादव पुलिसकर्मियों से गाली गलौज करते हुए हाथापाई करने लगे। थाना परिसर में किन्नरो के बवाल से पुलिसकर्मी असहाय दिखाई दिए। इससे मरदह-कासिमाबाद मार्ग पर स्थित थाना परिसर के मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। सैकड़ों लोगो की भीड़ थाना परिसर के बाहर जुट गई। कासिमाबाद व बिरनो सहित कई थानों की फोर्स के मामले में किन्नर शबनम ,मुस्कान, कंचन ,रुबी, विपाशा निवासी मखदुमपुर थाना सैदपुर, काजल निवासी सरसेना थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ, बाबी किन्नरो निवासी चौहान बाजार थाना दुल्लहपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सभी को शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया।

# छेड़खानी के विवाद में लाठी डंडे से पीटकर व्यक्ति की हत्या

**शादियाबाद(गाजीपुर)।** थाना क्षेत्र के भदौरा उर्फ धिनहा गांव में छेड़खानी के मामले में पुलिस की सुस्ती ने एक व्यक्ति की जान ले ली। मंगलवार की सुबह छेड़खानी का विरोध करने के विवाद को लेकर कैलाश यादव(57) की खेत से लौटते समय लाठी -डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। आक्रोशित लोगों ने शादियाबाद-भीतरी- सैदपुर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। उग्र भीड़ छेड़छाड़ के मामले में कार्रवाई न करने वाले थानाध्यक्ष व उपनिरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ी रही। एसपी ने चुनाव आचार संहिता का हवाला देते हुए कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद लोगों ने जमा हटाया। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। पिछले कई दिनों से कैलाश यादव के भतीजे की बेटी के साथ गांव निवासी पड़ोसी अंकुर यादव छेड़छाड़ कर रहा था। किशोरी का घर से निकलना दूभर कर दिया था। इतना ही नहीं वह किशोरी के घर पर फोन करने लगा था। किशोरी के पिता ने अंकुर के घर शिकायत की तो उसका बड़ा भाई प्रिस मारपीट पर उतारू हो गया। किशोरी के पिता ने पुलिस से कई बार शिकायत की। लेकिन पुलिस ने तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की। सोमवार को उल्टे पुलिस ने पीड़ित परिवार के लोगों को ही थाने पर बैठा दिया और देर रात छोड़ा। । आरोपित अंकुर यादव का बड़ा भाई प्रिस यादव दबंग किस्म का है। उसके प्रभाव में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसने 10-15 लोगों के साथ मंगलवार की सुबह कैलाश यादव व उनके साथी चंद्रदेव यादव पर उस समय राड व लाठी डंडों से हमला कर दिया जब वह अपने खेत से लौट रहे थे। हमले में कैलाश यादव की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनके साथी चंद्रदेव यादव घायल हो गए। हमले के बाद बाइकों से फरार हो गए। कैलाश यादव अपने घर पर अकेले रहते थे। उनके तीन पुत्र अरविद, अनिल, सुनील अपने परिवार के साथ मुंबई रहते



हैं। कैलाश यादव घर पर रहकर खेती बाड़ी का काम देखते थे। पत्नी का पहले ही स्वर्गवास हो गया था। सूचना पर कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ सीओ गौरव कुमार व उप जिलाधिकारी जखनियां पहुंचे। दोनों अधिकारी भीड़ को समझाने में जुटे रहे लेकिन लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। एसपी रामबदन सिंह ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को कार्रवाई का आश्वासन दिया। भतीजा संतोष यादव ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। लापरवाह प्रभारी व उपनिरीक्षक जाम लगाने की सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक राम बदन सिंह के समझाने पर करीब दो घंटे बाद जाम समाप्त हुआ। पीड़ित परिवार ने छेड़खानी के मामले मे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा की पिछले कई दिनों से धमकी मिल रही थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस अधीक्षक राम बदन सिंह ने कहा कि आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। आचार संहिता का हवाला देकर कहा की तत्काल तो नहीं लेकिन आयोग से सिफारिश कर थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्या व उप निरीक्षक यज्ञ नारायण यादव के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में अतिशीघ्र की कार्रवाई की जाएगी।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे वनडे में रिचा घोष ने लगाया शानदार अर्धशतक, बना दिया ये रिकार्ड

**क्वींसटाउन।** क्रिकेटर रिचा घोष ने मंगलवार को महिला एकदिवसीय क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड बनाया। घोष ने सिर्फ 26 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 52 रन की पारी खेलकर आउट हो गईं। इससे पहले यह रिकार्ड वेदा



कृष्णमूर्ति के नाम था। उन्होंने साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 32 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा था। घोष और वेदा के बाद इस लिस्ट में सब्बीनेनी मेघना का नाम है। 25 साल की इस महिला क्रिकेटर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के तीसरे वनडे मैच में 33 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा था। इस मैच में उन्होंने 41 गेंदों पर 61 रनों की पारी खेली थी। इसमें नौ चौके और दो छक्के लगाए थे। इसके अलावा वेदा ने साल 2017 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 34 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा था। बारिश के कारण चौथे एकदिवसीय मैच को 20- 20 ओवरों का कर दिया गया। इससे पहले अमेलिया केर ने 33 गेंदों में 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से 68 रनों की पारी खेली और न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ 191/5 का स्कोर बनाया। सूजी बेट्स और सोफी डिवाइन ने भी 41 और 32 की उपयोगी पारियां खेलीं। एमी सैटरथवेट ने भी 16 गेंदों में 32 रन की पारी खेली। भारत की ओर से रेणुका सिंह ने दो विकेट लिए। जवाब में भारत की महिला क्रिकेट टीम 17.5 ओवर में 128 रनों पर आल आउट हो गई। आठ खिलाड़ी दहाई अंक का आंकड़ा पार नहीं कर पाए। इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज में कीवी टीम 4-0 से आगे हो गई है।

उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्वीन्सटाउन के जान डेविस ओवल स्टेडियम में चल रहे चौथे वनडे में यह उपलब्धि हासिल की। इसके बाद भी टीम इंडिया को 63 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

# ICA ने भारतीय विकेटकीपर रिद्धिमान साहा को धमकी की कड़ी निंदा की

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर संघ (आइसीए) ने मंगलवार को एक सीनियर भारतीय पत्रकार द्वारा अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को धमकी भरा संदेश देने की कड़ी निंदा की और इस मुद्दे की जांच के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ)



के फैसले का स्वागत किया।आइसीए ने बीसीसीआइ से अपील की है कि वे इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे आइसीए प्रमुख अशोक मल्होत्रा ने कहा, 'हम इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि मीडिया हमारे खेल और खिलाड़ियों दोनों की प्रगति में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन हमेशा एक सीमा होती है जिसे कभी पार नहीं किया जाना चाहिए। साहा के मामले में जो भी हुआ वह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और हम संबंधित मीडिया संगठन से भी अपील करते हैं कि वे इस मुद्दे पर गौर करें और सुनिश्चित करें कि इस तरह की चीजें दोहराई नहीं जाएं। आइसीए के रूप में हमारी सबसे बड़ी चिंता अतीत के और मौजूदा क्रिकेटरों का कल्याण है और हम पत्रकार या अन्य किसी से भी इस तरह के बर्ताव को स्वीकार नहीं करेंगे।' मल्होत्रा चाहते हैं कि साहा उस पत्रकार के नाम का रहस्योद्घाटन करें, जिन्होंने उन्हें संदेश भेजा था। उन्होंने कहा, 'हम पूरी तरह से साहा के साथ हैं और उनसे आग्रह करते हैं कि वह पत्रकार के नाम का रहस्योद्घाटन करें। बीसीसीआइ को अगर लगता है कि पत्रकार की मान्यता और बीसीसीआइ के किसी टूर्नामेंट में उसे प्रवेश को रद करने की जरूरत है तो हम इस कदम का पूरी तरह से समर्थन करेंगे। आइसीए सचिव हितेश मजूमदार ने कहा, 'हम साहा को अपने पूरे समर्थन की पेशकश करते हैं। किसी भी खिलाड़ी को मीडिया या किसी और से इस तरह की धमकी का सामना नहीं करना चाहिए। हम मीडिया से अपील करते हैं कि वे भी साहा का समर्थन करें और सुनिश्चित करें इस तरह के मुद्दे दोबारा सामने नहीं आएं। खिलाड़ी और मीडिया के बीच कोई भी बातचीत हमेशा आपसी सहमति से होनी चाहिए।'

# इस धाकड़ गेंदबाज का सामना करने लिए उत्सुक हैं यश ढुल, दिल्ली कैपिटल्स के लिए चुने जाने पर कही ये बात

**कटक ।** कैरेबियाई धरती पर हाल ही में इंडिया अंडर-19 टीम को वर्ल्ड कप दिलान वाले यश ढुल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में शानदार डेब्यू किया। दिल्ली की तरफ से रणजी ट्राफी में तमिलनाडु के



खिलाफ डेब्यू करते हुए दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने दोनों ही पारियों में शतक लगाए। इंडियन प्रीमियर लीग में वह दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते दिखाई देंगे। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 50 लाख रुपये में खरीदा है। उन्होंने कहा है कि वह आइपीएल में जोफ्रा आर्चर का सामना करने के लिए उत्सुक हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह डेविड वार्नर के साथ साझेदारी करना चाहते हैं। ढुल ने कहा, 'मैं पहले से ही दिल्ली कैपिटल्स द्वारा चुने जाने की उम्मीद कर रहा था क्योंकि मैं भी उनकी अकादमी का हिस्सा हूं। मैं वास्तव में रिकी पोंटिंग से मिलने और उनके मार्गदर्शन में प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। जोफ्रा आर्चर एक ऐसे गेंदबाज हैं जिनका मैं सामना करना चाहूंगा। वह काफी तेज गेंदबाजी करते हैं। डीसी के लिए आइपीएल के दौरान मैं डेविड वार्नर के साथ साझेदारी करना पसंद करूंगा। विश्व कप फाइनल से पहले भारतीय टीम को बल्लेबाज विराट कोहली के साथ बातचीत करने का मौका मिला। ढुल ने इसे लेकर कहा, यह एक शानदार पल था जब विराट कोहली ने हमारी टीम के साथ अपने अनुभव साझा किए। सभी लड़कों को फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कैंप में वीवीएस लक्ष्मण सर की उपस्थिति हमारे लिए वास्तव में फायदेमंद साबित हुई। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने हमें शांत रहना सिखाया। को परिस्थितियों में समायोजित किया जब उन्हें ओपनिंग करने के लिए कहा गया।

# यूएई और आयरलैंड ने कटाया आस्ट्रेलिया का टिकट, दो और टीमों का होगा फैसला

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात और आयरलैंड ने मंगलवार को ओमान में क्वालीफायर ए के फाइनल में पहुंचने के बाद आस्ट्रेलिया में आइसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी टिकट पक्की कर ली। यूएई ने नेपाल के तीन मैचों के विजयी रथ को 68 रन की जीत हासिल करके रोक दिया. जबकि आयरलैंड ने ओमान को 56 रन



से हराया। यूएई ने दूसरी बार टी-20 विश्व कप में जगह बनाई है। ओमान अकादमी ग्राउंड 1 में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। इससे पहले टीम ने साल 2014 में टी-20 विश्व कप में जगह बनाई थी। आयरलैंड ने सातवीं बार टी-20 विश्व कप में जगह बनाई है। दो विजेता टीमों ने इस साल के अंत में आस्ट्रेलिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिए 13वां और 14वां स्थान हासिल किया। अंतिम दो स्थान जुलाई में क्वालीफायर बी में तय होंगे। 176 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए, नेपाल को संयुक्त अरब अमीरात के तेज गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी ने शुरुआती झटके दिए। उन्होंने अपने तीन ओवर के स्पेल में शीर्ष तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। पहले ओवर में सिद्दीकी ने सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख और इसके बाद बल्लेबाजी करने आए लोकेश बाम को लगातार दो गेंदों पर आउट किया। नेपाल का स्कोर पहले ओवर में 2 विकेट पर 3 रन था। इसके बाद सिद्दीकी ने अपने दूसरे ओवर में नेपाल के इन-फार्म बल्लेबाज कुशाल भुर्टेल को पवेलियन भेजा। 13वें ओवर में यूएई के कप्तान अहमद रजा ने दो विकेट लेकर नेपाल की उम्मीदें खत्म कर दी और 6 विकेट पर 83 रन पर सिमट गई। नेपाल की पारी को 107 रनों पर सिमट गई। रजा को पांच विकेट लेने पर प्लेयर आफ द मैच चुना गया। दीपेंद्र सिंह ऐरी (38) और ज्ञानेंद्र मल्ला ही दहाई अंक तक पहुंच सके। टास हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने 7 विकेट पर 165 रन बनाए। गैरेथ डेलानी ने 32 गेंदों में 47 रन बनाए। ओमान ने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी की और आयरलैंड पाल स्टर्लिंग और एंड्रयू बालबर्नी की उन्होंने सस्ते में पवेलियन भेज दिया। हालांकि, डेलानी और हैरी टेक्टर ने मेजबान टीम पर दबाव बनाया और चौथे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। शुरुआत में टेक्टर आक्रामक दिखे, लेकिन बाद में डेलानी ने भी अक्रामक तेवर अपना लिए। संयुक्त अरब अमीरात और आयरलैंड के बीच गुरुवार के फाइनल के विजेता को इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप के पहले दौर के ग्रुप 1 में जगह मिलेगी। क्वालिफायर बी से एक टीम इस ग्रुप में जुड़ेगी। श्रीलंका और नामीबिया भी इसमें हैं। उपविजेता टीम वेस्टइंडीज और स्काटलैंड के साथ ग्रुप 2 में शामिल होगी। जून में क्वालीफायर बी के विजेता भी इस ग्रुप 2 में होगा।

# नए मिशन की तैयारी में जुटी टीम इंडिया, श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए प्रैक्टिस शुरू

**लखनऊ।** हाल ही में वेस्टइंडीज को कोलकाता में टी20 सीरीज में 3-0 से हराने के बाद रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम इंडिया अब नए मिशन की तैयारी में जुट गई है। टीम इंडिया का अब अगला मिशन श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज है जो यहां गुरुवार से अटल बिहारी वाजपेयी इकाना अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में शुरू होगी और इसके



अंतिम दोनों मैच धर्मशाला में खेले जाएंगे। सीरीज के पहले मुकाबले के लिए भारत और श्रीलंका की टीमें लखनऊ पहुंच चुकी हैं। टीम इंडिया जहां सोमवार शाम को नवाबों के शहर पहुंची तो मेहमान खिलाडियों ने मंगलवार को अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व में मेजबान भारतीय टीम के खिलाडियों ने मंगलवार को अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान पूर्व भारतीय कप्तान और टीम के कोच राहुल द्रविड़ खिलाड़ियों को टिप्स देते नजर आए। तीन घंटे के कड़े अभ्यास के दौरान रोहित और इशान किशन ने करीब एक घंटे तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। गेंदबाजों में आवेश खान, कुलदीप यादव और भुवनेश्वर कुमार ने 40-40 मिनट तक अलग पिचों पर नेट प्रैक्टिस की। भारतीय टीम का अभ्यास सत्र दोपहर एक बजे से शुरू हुआ। तीन घंटे तक चलने वाले अभ्यास सत्र में दीपक चाहर टीम के साथ नहीं दिखे। ऐसा माना जा रहा है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट नहीं हैं। लेकिन, इस बात की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मालूम हो कि दीपक चाहर को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। इकाना में होने वाले टी20 मुकाबले में उत्तर प्रदेश के दो दिग्गज खिलाड़ी कानपुर के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव और मेरठ के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर भी निगाहें रहेंगी। कुलदीप लखनऊ में पहली बार कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। इकाना में होने वाले टी-20 मुकाबले में उत्तर प्रदेश के दो दिग्गज खिलाड़ी कानपुर के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव और मेरठ के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर भी निगाहें रहेंगी। कुलदीप लखनऊ में पहली बार कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। मंगलवार सुबह 11 बजे श्रीलंका की टीम लखनऊ पहुंच गई। होटल में चार बजे तक रहने के बाद शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक दूधिया रोशनी में जमकर पसीना बहाया। हालांकि, ये दोनों टीमें बुधवार को भी अलग-अलग शिफ्ट में अपनी तैयारियों को परखेंगी। रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, संजू सैमसन, रितुराज गायकवाड़, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, दीपक चाहर, हर्षल पटेल, भुवनेश्वर कुमार, मुहम्मद सिराज, यजुवेंद्रा सिंह चहल, रवि बिशनेई, कुलदीप यादव, आवेश खान, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह।, पथुम निसांका, कुशल मेंडिस, चरित असलंका, दिनेश चांदीमल, दनुष्का, कामिल मिशारा, जनीथ लियानागे, वानिंदु हसरंगा, चामिका करुणारतने, दुष्मंता चमीरा, लाहिरु कुमारा, बिनुरा फनरंडो, शिरन थेकनांडो, महेश तीक्षणा, जेफरी वेंडरसे, प्रवीण जयविक्रमा, आसियान डेनियल।

# रिद्धिमान साहा ने पत्रकार को दी चेतावनी, अभी माफ कर दिया लेकिन दोबारा ऐसा मत करना

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा इन दिनों अपने एक ट्वीट की वजह से काफी चर्चा में हैं। दरअसल 19 फरवरी इस बीच साहा ने कहा कि वह नहीं चाहते हैं कि उस पत्रकार का करियर खराब हो इसी वजह से उनका नाम किसी के सामने नहीं लाएंगे लेकिन अगली बार ऐसा कुछ की नजर में आ जाए लेकिन उनका नाम नहीं लेना चाहा। बीसीसीआइ को अगर लगता है कि पत्रकार की मान्यता और बीसीसीआइ के किसी टूर्नामेंट में उसे प्रवेश को रद करने



शनिवार को साहा ने एक पत्रकार द्वारा इंटरव्यू ना दिए जाने पर उनको धमकाने वाला ट्वीट सोशल मीडिया पर साझा किया था। इस ट्वीट को सामने रखने के साथ उन्होंने कहा था कि इतने साल क्रिकेट की सेवा करने के बाद यही सम्मान मिला है। ट्वीट के सामने आने के बाद से ही हर जगह इसकी चर्चा हो रही है। यहां तक की बीसीसीआइ ने भी इस बारे में ठोक कदम उठाने की बात कही। हुआ तो वह चुप नहीं बैठेंगे। साहा ने मंगलवार को ट्वीट करते हुए अपनी बात रखी और लिखा, मुझे तकलीफ पहुंची थी और अपमानित महसूस कर रहा था। मैंने तय किया कि इस तरह के व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करूंगा और ना ही चाहता था कि इस तरह से किसी दूसरे को भी तकलीफ पहुंचाया जाए। मैंने इसी वजह से फैसला लिया कि बाहर जाकर सबके सामने इस चैट को रखूंगा जिससे यह हर किसी की है कि किसी को इस हद तक हानि पहुंचाउं कि उसका करियर ही खत्म हो जाए। तो मानवता के नाते उसके परिवार का ख्याल रखते हुए फिलहाल तो उसका नाम किसी के सामने नहीं ले रहा हूं। लेकिन ऐसा कुछ दोबारा हुआ तो मैं बिल्कुल भी खुद को नहीं रोकने वाला। मैं सबका आभार जताना चाहूंगा जिन्होंने भी मेरा इस समय समर्थन दिया और उन सभी के बेहतरी की कामना करता हूं।

# कोविड के कारण हालीडे पांचवें वनडे से बाहर

**क्वींसटाउन।** भारत के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों टीम को एक झटका लगा है। टीम की आलराउंडर जो चौथे मैच से नहीं होंगी। भारत के खिलाफ मेजबान ने सीरीज के लगातार चार



मैच जीतकर 4-0 की बढ़त हासिल कर रखी है। इस वक्त भारत के सामने आखिरी मुकाबला जीतकर क्लीन स्वीप से बचने का लक्ष्य है। न्यूजीलैंड की आलराउंडर ब्रूक हालीडे भारत के खिलाफ पांचवें महिला वनडे मैच में नहीं खेल पाएंगी क्योंकि उनके साथी के कोविड-19 के लिए पाजिटिव पाए जाने के कारण उन्हें क्वारंटाइन पर रहना पड़ रहा है। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी का सोमवार को किया गया परीक्षण निगेटिव आया था। उनका क्वारंटाइन के पांचवें दिन फिर से परीक्षण किया जाएगा। हालीडे मंगलवार को चौथे वनडे में भी नहीं खेल पाई थीं। वह गुरुवार को होने वाले पांचवें और अंतिम वनडे में भी नहीं खेल पाएगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, 'हालीडे अपने साथी के साथ रात्रि भोज के लिए बाहर गई थीं जिसे बाद में कोविड-19 से संक्रमित पाया गया। इसलिए हालीडे को सात दिन तक होटल के अपने कमरे में ही अलग थलग रहना होगा। हालीडे का सोमवार को कोविड-19 का परीक्षण निगेटिव आया था और यदि पांचवें दिन फिर से उनका परीक्षण निगेटिव आता है तो वह शुक्रवार को फिर से टीम से जुड़ जाएंगी।' भारतीय महिला टीम अब तक न्यूजीलैंड के दौरे पर जीत के लिए संघर्ष कर रही है। एक मात्र टी20 मुकाबले कीवी टीम ने 18 रन से जीत हासिल की थी। इसके बाद पांच मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत हुई। पहला मैच न्यूजीलैंड ने 62 रन से अपने नाम किया। दूसरे मुकाबले में 3 विकेट से भारत को मात दी। इसके बाद तीसरा वनडे भी 3 विकेट के अंतर से ही जीतकर सीरीज में न्यूजीलैंड ने अजेय बढ़त हासिल की। मंगलवार को चौथे वनडे में भी भारत को 63 रन से हार का सामना करना पड़ा।

की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप की तरफ बढ़ रही न्यूजीलैंड महिला बाहर थीं वह आखिरी मुकाबले में भी टीम के प्लेइंग इलेवन का हिस्सा

# राशिफल

**मेष-:**आज आप बौद्धिक कार्यों से धन अर्जित करेंगे. भौतिक संसाधनों की ओर अधिक झुकाव के कारण इनमें वृद्धि हो सकती है। यात्रा की स्थिति सुखद और लाभकारी रहेगी।

**वृष-:**आज आपका किसी से तीखा झगड़ा हो सकता है. इस झगड़े से बचने की पूरी कोशिश करें, आपको बाद में पछताना पड़ सकता है। इस दौरान किया गया कोई भी झगड़ा भयानक रूप ले सकता है।

**मिथुन-:**आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा. आप अपने भविष्य के बारे में थोड़ा सोच सकते हैं। संबंध बेहतर रहेंगे। कार्यस्थल पर आपको सहयोग मिल सकता है।

**कर्क-:**आज ही भविष्य के लिए अपनी आर्थिक योजना बनाएं और अपनी योजना और लक्ष्य तय करने का प्रयास करें. कार्यस्थल पर विवाद खत्म होने से सुख शांति में वृद्धि होगी।

**सिंह-:**आज आपके परिवार में खुशियों की वृद्धि होगी. संतान की शिक्षा में उन्नति संभव है। माता-पिता का स्वास्थ्य आज बहुत अच्छा रहेगा। उनसे भी आपको पूरा सहयोग मिलने की उम्मीद है

**कन्या-:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपनी सूझबूझ से सारे काम संभाल लेंगे। नौकरीपेशा लोगों को साथ काम करने वालों से मदद मिलेगी।

**तुला-:**आज आपको आर्थिक और पारिवारिक क्षेत्र में भी लाभ होने की संभावना है। आज मनपसंद खाना खाकर आपको आनंद मिलेगा।नौकरी में अधिक मेहनत करें।

**वृश्चिक-:** आज आपको व्यापार में सफलता मिलेगी. जो आपको गर्व और जोश से भर देगा। इस तरक्की को हासिल करने से आपको एहसास होगा कि आपने सही समय पर सही कदम उठाए है।

**धनु-:**आज अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे. छात्रों को किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे अंक मिलेंगे। वैवाहिक जीवन में आप अच्छा महसूस करेंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर-:**आज आपको शुभ समाचार मिलेगा. सुबह व्यायाम करें, अतिरिक्त लाभ मिलेगा। आपका पार्टनर काफी नाराज़ रहेगा फिर भी अपने जीवन की सभी समस्याओं को नज़रअंदाज करते हुए।

**कुंभ-:**आज आपको कारोबार में सफलता मिलेगी. जो आपको गर्व और जोश से भर देगा। इस तरक्की को हासिल करने से आपको एहसास होगा कि आपने सही समय पर सही कदम उठाए

**मीन-:**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। परिवार वालों की सलाह आपके लिए अहम रहेगी। साथ ही आप उनकी हर संभव मदद भी करेंगे। आपके भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

# सम्पादकीय

## आसान नहीं है 5जी की राह में आने वाली तमाम बाधाओं को दूर करना

इंटरनेट की कनेक्टिविटी और स्पीड को लेकर चुनौतियां दोनों तरफ है। चाहे उपभोक्ता हों या फिर इंटरनेट सर्विस प्रदाता कंपनियां। जीवनशैली के लिए अति आवश्यक अंग बन चुके इंटरनेट के बगैर स्मार्टफोन, लैपटाप, पर्सनल कंप्यूटर, स्मार्टवाच, स्मार्टटीवी, वाइफाइ, हैंडफ्री जैसे गैजेट्स काम नहीं कर पाते हैं। नतीजा इनसे जुड़े तमाम तरह के आनलाइन कामकाज ठप हो जाते हैं। तब ऐसी स्थिति बन जाती है मानो जिंदगी अचानक थम सी गई हो डिजिटल दौर की इस समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकार की नजर 5जी नेटवर्क की सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर है। इस क्रम में संचार विभाग द्वारा 13 शहरों में दिसंबर 2022 तक नई सर्विस उपलब्ध करवाने की घोषणा भी कर कर दी गई है। इसकी तैयारी तीन स्तर से की जा रही है। पहली, विभाग के जिम्मे टेकनेलाजी उपलब्धता की टेस्टिंग और नेक्स्ट जेनरेश इंटरनेट के स्पेक्ट्रम की निलामी है, जबकि टेलीकाम रेगुलेटरी अथारिटी आफ इंडिया यानी ट्राइ उपभोक्ताओं के लिए उचित प्राइस, ब्राडबैंड प्लान, ब्लाक साइज, नीलामी किए जाने की स्पेक्ट्रम की मात्रा और शर्तों को देखती है। तीसरा अहम पहलू सर्विस प्रोवाइडर हैं, जिनमें तीन बड़ी कंपनियां हैं। 5जी नेटवर्क की राह में तकनीकी और नीतिगत चुनौतियों का सामना इन तीनों को करना है। दूसरी तरफ इसके स्वास्थ्य पर पड? वाले दुष्प्रभाव, रोगों के फैलाव या हवाई यात्राओं पर इसके असर को लेकर विरोध, अविश्वास और विवाद की भी अप्रत्याशित चुनौतियां है सबसे बड़ी चुनौती संबंधित मूलभूत संरचना को दुरुस्त करने की है, ताकि भारत के कोने-कोने तक टावर के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में नेटवर्क पहुंचाया जा सके। इस मामले में हमारा पिछला रिकार्ड बेहद खराब रहा है। इसे लेकर सवाल बने हुए हैं कि हमने दो दशक से अधिक समय में 2जी से 4जी तक का सफर पूरा कर लिया, फिर भी स्पीड और कनेक्टिविटी के मामले में कई देशों से पीछे हैं। इस बीच कंप्यूटिंग का तौर-तरीका एडवांस होता चला गया। तारों से नेटवर्क बनाने की जगह क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक का चलन आ गया, लेकिन हमारा टेलीकाम विभाग दूसरों के भरोसे बैठा रहा। अभी तक अधिकतर जगहों पर अस्थायी टावर के जरिये इंटरनेट की सांसें चलने लायक ही कार्य को अंजाम दिया गया है। जबकि डिजिटल इंडिया मिशन का आरंभ 2014 में ही हो चुका था। उन दिनों इसके पूरे होने का सपना 4जी नेटवर्क के जरिये देखा गया था, किंतु इसके नेटवर्क मजबूत करने के लिए किए गए सारे प्रयास आधे-अधूरे ही साबित हुए।अब जबकि 5जी नेटवर्क को कई विकसित देशों में उपलब्ध करवा दिया गया है, वैसे में हमारी तैयारी जा रही हैं हालांकि टेलीकाम सेक्टर द्वारा भारतनेट परियोजना आरंभ की गई है।अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद प्रतापगढ़ में पंचम चरण में दिनांक 27 फरवरी 2022 (दिन रविवार) को मतदान है। जनपद प्रतापगढ़ में स्थित अवरिल कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान हेतु इसके तहत 5.46 लाख किमी आप्टिकल फाइबर केबल बिछाया जाना है। इसका उद्देश्य 2.52 लाख ग्राम पंचायतों तक आप्टिकल फाइबर बिछाने और फास्ट स्पीड ब्राडबैंड सर्विस से कनेक्ट करने की है। देखा जाए तो इस परियोजना के भरोसे ही 5जी नेटवर्क को 2020 में आने की बात की गई थी, लेकिन अनेक कारणों से उस समय ऐसा संभव नहीं हो सका। तब केंद्र सरकार मोबाइल फोन कंपनियों के कुछ वित्तीय और तकनीकी मामले सुलझाने में उलझी रही। दरअसल भारतीय मोबाइल फोन कंपनियों के संगठन सेलुलर आपरेटर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (सीओएआइ) ने बेस कीमतों में अत्यधिक बढ़ोतरी, अपर्याप्त स्पेक्ट्रम और नए बैंड्स की अनुपलब्धता को लेकर सवाल खड़े किए थे हालांकि जब कीमत निर्धारण की समस्या सुलझा ली गई, तब क्वांटम का मुद्दा सामने आ गया। मेगाहर्ट्ज मांगे, लेकिन उन्हें केवल एक मेगाहर्ट्ज ऊंची कीमत 492 करोड़ रुपये पर देने की बात कही गई। आपरेटरों की निगाह में यह दोतरफा मुश्किल की तरह है। उन्हें अपने उपभोक्ताओं को कीमत और सर्विस को लेकर संतुष्ट करना है, तो अंतरराष्ट्रीय कीमतों और कर्ज के दबाव को भी कम करना है।

## कोरोना के सक्रिय मामलों में गिरावट दर्ज, प्रतिबंधों से बाहर आने पर किया जाए विचार

अब जब कोरोना संक्रमण में तेजी से कमी आ रही है और सक्रिय मामलों में गिरावट दर्ज होने के साथ पाजिटिविटी रेट भी घट रहा है, तब फिर प्रतिबंधों से बाहर आने पर विचार किया जाना चाहिए। कम से कम उन पाबंदियों को तो हटा ही लिया जाना चाहिए, जो आर्थिक-व्यापारिक गतिविधियों को संचालित करने अथवा आवागमन में बाधक बन रही हैं। जहां कुछ राज्यों ने रात के कर्फ्यू से मुक्ति पा ली है, वहीं कुछ अभी भी उसे जारी रखे हुए हैं। यह तब है जब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बहुत पहले ही यह कह दिया था कि कोरोना संक्रमण रोकने में रात का कर्फ्यू बिल्कुल भी कारगर नहीं। जैसे देश के कुछ हिस्सों में रात का कर्फ्यू जारी है, वहीं कहीं-कहीं माल, होटल, रेस्त्रां आदि में 50 प्रतिशत लोगों को ही आने की अनुमति है। यह सही है कि अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों में मास्क की जरूरत बनी हुई है, लेकिन अन्यत्र इसकी आवश्यकता नहीं नजर आती। बावजूद इसके कहीं-कहीं मास्क न पहनने वालों से जुर्माना वसूला जा रहा है। इस नियम के चलते यह पुलिस वालों के लिए उगाही का जरिया बन गया है और लोगों की खिनन्ता बढ़ाने का भी काम कर रहा है। यह भी अजीब है कि कुछ शिक्षा संस्थान छात्रों से कोरोना मुक्त होने का प्रमाण पत्र मांगने में लगे हुए हैं। यह सब बंद होना चाहिए और ध्यान इस पर केंद्रित किया जाना चाहिए कि कोरोना से पहले के दौर में कैसे लौटा जाए। निःसंदेह इसका मतलब यह नहीं कि आम जनता को ऐसा कोई संदेश दिया जाए कि संक्रमण से बचे रहने के लिए जरूरी सतर्कता का परित्याग कर दिया जाए, लेकिन इतना तो है ही कि अनावश्यक प्रतिबंधों से यथाशीघ्र छुट्टी पाई जाए। यह समझा जाना चाहिए कि केंद्रीय गृह मंत्रलय ने 28 जनवरी को जब एक माह के लिए कोरोना संबंधी दिशानिर्देश बढ़ाने के आदेश जारी किए थे, तब परिस्थितियां अलग थीं और आज अलग हैं। बदली हुई परिस्थितियों का संज्ञान लेने में देरी करने का कोई औचित्य नहीं। इस मामले में हमें दूसरे देशों से सीख लेनी चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि अब भारत में संक्रमण की चौथी लहर आने की आशंका बेहद कम है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ यही कह रहे हैं कि अगर वह आएगी भी तो मामूली असर के साथ। यह ठीक नहीं कि हम कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए प्रतिबंध लागू करने में जितनी तत्परता दिखाते हैं, उतनी उन्हें हटाने में नहीं।

## कनाडा के ट्रक ड्राइवरों की मुहिम के संदर्भ में भारत में कथित किसान आंदोलन का स्मरण पश्चिम के पाखंड को बेनकाब करता है

कनाडा की संसद ने आपातकाल लगाने के उस प्रस्ताव को 151 के मुकाबले 185 मतों से मंजूरी दे दी, जो कोविड प्रतिबंधों से कुपित उन ट्रक ड्राइवरों के धरने-प्रदर्शन से निपटने के लिए लागू किया गया था, जिन्होंने अपने ट्रकों के साथ राजधानी ओटावा को घेर लिया था। उनकी घेराबंदी के कारण न केवल आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, बल्कि आर्थिक-व्यापारिक गतिविधियों को भी नुकसान पहुंच रहा था, क्योंकि इन ट्रक ड्राइवरों ने कनाडा को अमेरिका से जोड़ने वाले रास्ते को भी बाधित कर दिया था-काफी कुछ उसी तरह जैसे दिल्ली के सीमांत इलाकों की सड़कों को कथित किसान नेताओं ने करीब 13 महीने तक बाधित रखा। इसके कारण लाखों लोग परेशान हुए और दिल्ली एवं हरियाणा के उद्योगों को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। यह किसी से छिपा नहीं कि कथित किसान आंदोलन को विपक्षी दलों और अलग-अलग कारणों से मोदी सरकार से चिढ़े तत्वों का भी समर्थन मिला था। कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका आदि के खालिस्तानी भी इस कथित किसान आंदोलन को समर्थन दे रहे थे। इनमें वह जगमीत सिंह भी थे, जो कनाडा की वामपंथी रुझान वाली न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख हैं। माना जाता है कि गायिका रिहाना को उन्होंने ही 'किसानों' के पक्ष में ट्वीट करने के लिए राजी किया था। रिहाना का साथ कथित पर्यावरणविद ग्रेटा थनबर्ग और पोर्न स्टार मिया खलीफा ने भी दिया था। इन्हीं जगमीत सिंह ने आपातकाल लगाने वाले वाले प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। इससे अल्पमत सरकार चला रहे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को बड़ी राहत मिली। वही जस्टिन, जिन्होंने कथित किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए भारत को नसीहत दी थी। वह स्वयं ट्रक ड्राइवरों के आंदोलन को एक माह भी झेल नहीं सके। 28 जनवरी को ट्रक ड्राइवर ओटावा और कुछ अन्य शहरों की सड़कों पर उतरे और लोकतंत्र मूल्यों के 'मसीहा' जस्टिन ने 15 फरवरी को आपातकाल लगाने की घोषणा कर दी। इसके तहत पुलिस प्रशासन को बिना वारंट गिरफ्तारी करने, आंदोलनकारियों और उनके समर्थकों के साथ उन्हें चंदा देने वालों के बैंक खाते जब्त करने जैसे कई अधिकार दिए गए। नतीजा यह हुआ कि घुड़सवार दस्तों के साथ पुलिस ने ट्रक ड्राइवरों को बलपूर्वक खदेड़ दिया। दुनिया के किसी देश ने जस्टिन सरकार की आलोचना नहीं की। शायद इसका एक कारण यह रहा कि आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड समेत कुछ यूरोपीय देशों में भी कनाडा के ट्रक ड्राइवरों के पक्ष में प्रदर्शन होने लगे थे। हो सकता है कि ये देश इस







नतीजे पर पहुंचे हों कि आंदोलन की आड़ में अराजकता को सहन नहीं किया जाना चाहिए। सच जो भी हो, यह एक तथ्य है कि कनाडा के हड़ताली ट्रक ड्राइवर सड़कों को बाधित करने के साथ हार्न बजा-बजाकर लोगों की नाक में दम किए हुए थे। उन्होंने सड़कों पर ही टेंट लगा लिए थे और वहीं नहाने-धोने के साथ खाना बना रहे थे। कुछ ऐसा ही काम दिल्ली की सीमाओं पर हो रहा था। कनाडा के ट्रक ड्राइवरों के बीच कुछ ऐसे अतिवादी तत्व घुस गए थे, जो आसपास रहने वालों से झगड़ने के साथ नस्लभेदी नारे भी लगा रहे थे। ओटावा पुलिस की मानें तो नकाबधारी प्रदर्शनकारियों ने नेशनल वार मेमोरियल पर पेशाब करने के साथ दूसरे अन्य स्मारकों पर उपद्रव किया। याद करें कि दिल्ली में 26 जनवरी को कथित किसान प्रदर्शनकारियों ने क्या किया था? उन्होंने लाल किले में घुसकर हिंसा का नंगा नाच किया था। ओटावा में प्रदर्शनकारियों के बीच कुछ तत्व नाजी झंडे लहरा रहे थे। याद करें कि दिल्ली के सीमांत इलाकों में भी जब-तब खालिस्तानी झंडे दिखते थे। यह याद रखना भी आवश्यक है कि जहां मोदी सरकार ने किसान हितों की चिंता में दुबले दिखने वाले कथित किसान नेताओं से 11 बार बात की, वहीं जस्टिन सरकार ने अपने आंदोलन को 'आजादी का काफिला' कहने वाले ट्रक ड्राइवरों से बात करने की पेशकश ही नहीं की। यह भी याद रखें कि भारतीय मीडिया के एक हिस्से के साथ विदेशी मीडिया ने कथित किसान आंदोलन के पक्ष में कैसी लामबंदी की थी। न्यूयार्क टाइम्स और वाशिंगटन पोस्ट जैसे अखबारों ने कथित किसान आंदोलन के दौरान भारत सरकार को तानाशाह घोषित करने में कोई कसर नहीं उठा रखी थी। भारत के खिलाफ दुराग्रह से भरे और नस्लभेदी मानसिकता का परिचय देते रहने वाले इन अखबारों ने जस्टिन सरकार के विरोध में एक शब्द नहीं लिखा। उलटे वाशिंगटन पोस्ट ने अपने पाखंड का प्रदर्शन करते हुए यह लिखकर उनकी प्रशंसा की,'ट्रकर्स के विरोध प्रदर्शन को खत्म करने की जस्टिन की पहल जोखिम भरी तो थी, लेकिन सही थी।' इसी अखबार ने कथित किसान आंदोलन के दौरान लिखा था, 'क्या भारत के आंदोलनकारी किसान देश में लोकतंत्र बहाल कर सकेंगे?' क्या इसे पाखंड की पराकाष्ठा और भारत के प्रति नफरत के अलावा और कुछ कहा जा सकता है? नागरिकता संशोधन कानून और अनुच्छेद 370 पर विदेशी मीडिया के इसी दुराग्रही रवैये को रेखांकित करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक बार कहा था कि मेरी साख न्यूयार्क से निकलने वाले किसी समाचार पत्र से नहीं तय होगी। यह भी याद रखें कि जहां कनाडा सरकार के कोविड नियम ट्रक ड्राइवरों पर कई तरह की पाबंदी थोपने वाले थे, वहीं वापस लिए गए तीनों कृषि कानून किसानों पर किसी तरह की पाबंदी नहीं लगा रहे थे। अतिरिक्त सुविधाएं और विकल्प उपलब्ध करा रहे थे। इसके बाद भी उन्हें किसान और लोकतंत्र विरोधी करार दिया गया। जिन्होंने यह सब किया, उन्होंने अपने पाखंड का ही प्रदर्शन किया। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि उनका पाखंड उजागर हो गया, लेकिन उनसे सावधान रहने की आवश्यकता अभी भी है।

## क्या स्कूल-कालेजों में लड़कियों का हिजाब पहनना इतना अहम मुद्दा है कि वह राष्ट्रीय विवाद और वैश्विक ध्यानाकर्षण का केंद्र बन जाए

अतीत से लेकर वर्तमान तक इस्लामिक जगत में हिजाब पहनना कभी अनिवार्य नहीं रहा। सऊदी अरब सहित अरब के खाड़ी देशों में महिलाएं पहले से ही हिजाब के साथ-साथ अमूमन बुर्का भी पहनती आई हैं। अफगानिस्तान में तो वे महिलाएं भी पारंपरिक रूप से हिजाब पहनती आई हैं, जो भले ही बुर्का न पहनती हों। हालांकि तुर्की जैसे कुछ देशों में सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के हिजाब पहनने पर प्रतिबंध है। यह परंपरा महान तुर्क नेता कमाल अतातुर्क द्वारा 1928 में तुर्की को पंथनिरपेक्ष गणतंत्र घोषित करने के साथ आरंभ हुई। मौजूदा राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के राज में तुर्की आधिकारिक रूप से तो पंथनिरपेक्ष राष्ट्र बना हुआ है, लेकिन वहां धार्मिक कट्टरता बढ़ी है और इसी कड़ी में हिजाब से प्रतिबंध हटा लिया गया है। यहां तक कि एर्दोगन की पतने भी हिजाब पहनती हैं। पिछली सदी के छठे दशक से मिस्र में हिजाब पहनने वाली बहुत कम महिलाएं दिखती थीं। जब 1977-78 के दौरान मैं काहिरा में था तब स्कूल-कालेज जाने वाली ऐसी लड़कियां कम ही दिखती थीं, जिन्होंने हिजाब पहना हो। हालांकि 1979 में ईरान में आयतुल्ला खुमैनी के नेतृत्व में हुई इस्लामिक क्रांति और सऊदी अरब द्वारा कट्टर बहाबी विचारधारा को बढ़ावा देने की कवायद ने मुस्लिम जगत में रूढ़िवादिता बढ़ाने का काम किया, जिसमें महिलाओं का पहनावा भी शामिल है। इसी कारण पिछले चार दशकों से कई इस्लामिक देशों में हिजाब का चलन आम हुआ है। जो महिलाएं पहले हिजाब नहीं पहनती थीं, वे भी अब इसे पहनने लगीं। इसे इस्लामिक पहचान से जोड़ दिया गया। 1990-93 के दौरान अपने मलेशियाई प्रवास के दौरान कुआलालंपुर में एक स्थानीय मित्र ने मुझे बताया कि उनके देश मे उन स्थानों में भी इसे अपना लिया गया, जहां इसका आम चलन नहीं था। स्पष्ट है कि समकालीन दौर में हिजाब धीरे-धीरे इस्लामिक पहचान का हिस्सा बनता गया। यही कारण है कि कर्नाटक के हालिया हिजाब विवाद को लेकर इस्लामिक जगत में कुछ प्रतिकूल टिप्पणियां सामने आईं। इसने पाकिस्तान जैसे दुश्मन देश को भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने का अवसर दे दिया। तीन तलाक के मामले में ऐसी कोई गुंजाइश नहीं मिली थी, क्योंकि ऐसी कुप्रथा पर कई मुस्लिम देशों में ही प्रतिबंधित है और तमाम ने तो उस पर रोक के लिए बाकायदा कानून भी बनाए हैं। ऐसे में तीन तलाक की समाप्ति के पक्ष में जो तर्क दिए गए, वे कक्षाओं में हिजाब पर प्रतिबंध के लिए नहीं दिए जा सकते। हिजाब विवाद पर अब अदालत में सुनवाई हो रही है। अदालत इस पर कानूनी रवैया अपनाएगी, परंतु विधिक निणय सभी सामाजिक मुद्दों का समाधान करने में संभव नहीं होते। विशेषकर उन मुद्दों का जो समाज के विभिनन वर्गों की सामाजिक पहचान से संबंधित हों। ऐसी पहचानें भाषा, खानपान, पहनावा और जीवन के कई अन्य पहलुओं के आधार पर परिभाषित होती हैं। समय के साथ ये परिवर्तित हो जाती



हैं, किंतु ऐसे बदलाव थोपे नहीं जा सकते। यदि इसके लिए दबाव बनाया जाएगा तो प्रतिरोध स्वाभाविक होगा। ऐसा प्रतिरोध सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ सकता है और राजनीतिक गतिविधियों में यह झलकने भी लगा है। इसीलिए भारत जैसे व्यापक विविधता वाले देशों में राजनीतिक एवं सामाजिक नेताओं के लिए आवश्यक हो जाता है कि वे संयम और सतर्कता के साथ काम करें ताकि उदार नीतियां सुनिश्चित की जा सकें। इसके लिए बहुत बुद्धिमानी आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह तय किया है कि विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे। इसीलिए उन्होंने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का मंत्र दिया है। इसी क्रम में सबका विश्वास हासिल करने के लिए जरूरी है कि प्रत्येक समुदाय इसे लेकर आश्वस्त हो कि उसकी पहचान को भी सम्मान मिले। सामाजिक शांति, सद्भाव और स्थायित्व कायम रखने का यही तरीका है। किसी भी देश को प्रगति और विश्व में ऊंचा कद हासिल करने के लिए सामाजिक स्थायित्व अपरिहार्य है? सामाजिक रूप से विभाजित और खंडित देश बाहरी और आंतरिक चुनौतियों का सामना नहीं कर सकता। भारत तो वैसे ही वर्तमान में कई गंभीर कूटनीतिक चुनौतियों से दो-चार है। भारत के समक्ष ऐसी सबसे बड़ी चुनौती तो चीनी आक्रामकता ने पेश की हुई है। वहीं पाकिस्तान भारत के खिलाफ दुष्प्रचार का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देता। इस दुष्प्रचार की काट भी जरूरी है। उधर रूस और यूक्रेन के मसले पर बढ़ती तनातनी ने भी भारत के लिए कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ा दी हैं। इन चुनौतियों से पार पाने के लिए भारतीय कूटनीति को राजनीतिक बिरादरी की एका और सामाजिक शांति एवं सद्भाव से सहयोग चाहिए होगा। ऐसे में सामाजिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश और खासतौर से राजनीतिक तबके को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या हिजाब विवाद को तूल देना चाहिए और यदि कुछ वर्ग इसे बढ़ावा दे रहे हों तो उनसे किस प्रकार निपटा जाए। एक स्वतंत्र एवं संप्रभु देश होने के नाते यह भारत को ही तय करना है कि वह अपने आकलन, कानूनों और संविधान के अनुरूप नीतियां बनाए। किसी आंतरिक अथवा बाहरी दबाव या आलोचना से भारत का नीति-निर्माण प्रभावित नहीं होना चाहिए। भारतीय राष्ट्र जीवन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर भी यही बात लागू होती है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या स्कूलों में लड़कियों का हिजाब पहनना इतना महत्वपूर्ण मुद्दा है कि यह राष्ट्रीय विवाद और वैश्विक ध्यानाकर्षण का केंद्र बन जाए। यदि कुछ राजनीतिक तत्व इसकी आड़ में राज्य सरकार को उकसाना चाहते थे तो क्या यह कहीं बेहतर नहीं रहता कि उनसे त्वरित एवं राज्य के स्तर पर ही उचित रूप से निपट लिया जाता? तब भारत विरोधी तत्वों को मौजूदा सरकार को कथित मुस्लिम विरोधी रूप में पेश करने की गुंजाइश नहीं मिलती।

## इस स्याही की कीमत जान चौंक जायेंगे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शीतल निर्भीक**

**बलिया।** उत्तर-प्रदेश के बलिया जिले की एक शासकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका व महिला शिक्षक संध की ब्लाक अध्यक्षा अनू सिंह जहां पठन-पाठन के कार्य मे अपनी अनुशासन-मर्यादा,कर्तव्य निष्ठा, के साथ ही अति गरीब छात्र-छात्राओ को उसकी आर्थिक सहायता कर पढ़ाई कराने की नेक पहल से जहां इस शिक्षा के मंदिर मे एक नेक शिक्षका के रूप मे जानी-पहचानी जाती है।वही होने वाले चुनाव के शत-प्रतिशत मतदान के लिए आमजन को चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने मे भी पीछे नही है।जिले की इस सामाजिक सोच की एकलौती महिला शिक्षका अनू सिंह ने एक खास वार्ता के दौरान मीडिया को चुनावी मे प्रयोग किए जाने वाले इस खास स्याही के बारे जानकारी देते हुए कहा कि देश मे चुनावी स्याही बनाने वाली कंपनी की स्थापना 1937 में हुई।उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग करने और इसमे जिला प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध जनपद वासियो से किया है। उन्होंने बताया कि चुनाव चाहे लोकसभा को या फिर विधान सभा का,पंचायत का हो या फिर नगर निकाय।हर चुनाव के दौरान आपकी उंगली पर एक अमिट स्याही लगायी जाती है। यह स्याही इसलिए लगायी जाती है, ताकि फर्जी मतदान रोका जा सके। पहली बार वोट डालने वाले मतदाता अमूमन उंगली में लगी स्याही के साथ सेल्फी पोस्ट करते हैं, ताकि मतदान में भाग लेने की याद बराबर जेहन में बनी रहे। यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि यह स्याही कैसे बनती और इसकी कीमत क्या है? वैसे आप का सिर इस स्याही की कीमत जानकर अवश्य चकरा जाएगी। आइए हम बताते हैं कि चुनावी स्याही का सफर कहां से शुरू हुआ और यह कहां बनती है। उंगली पर लगने के बाद क्या इस निशान को मिटाया जा सकता है। चुनावी स्याही के जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी मतदाता इलेक्शन में दो बार वोट न करे और इसलिए धोखाधड़ी और कई बार वोटिंग से से बचने में इस स्याही की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह स्याही भारत में सिर्फ एक ही कंपनी की ओर से बनाई जाती है।स्याही का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) की ओर से किया जाता है। साल 1937 में इस कंपनी की स्थापना हुई। मैसूर प्रांत के महाराज लवाडी कृषणराजा वडयार



ने इसकी शुरूआत की। एमवीपीएल तरक्की की राह पर तब आगे बढ़ी, जब चुनाव आयोग ने केंद्रीय कानून मंत्रालय, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला और राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के सहयोग से चुनावों के लिए इस स्याही की आपूर्ति के लिए कंपनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। शुरूआत में केवल संसदीय और विधानसभा चुनावों के लिए स्याही की आपूर्ति की जाती रही, लेकिन बाद के वर्षों में नगर निकायों और सहकारी समितियों को भी चुनावों के लिए स्याही प्रदान करना शुरू कर दिया। एमपीवीएल के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाली यह स्याही 40 सेकेंड से भी कम समय में पूरी तरह से सूख जाती है। हालांकि, अगर स्याही एक सेकेंड के लिए भी त्वचा पर रही है, तो यह अपना प्रभाव छोड़ देगी। इस स्याही का प्रयोग 1962 के चुनाव के साथ ही किया जा रहा है। इस स्याही को भारतीय चुनाव में शामिल कराने का श्रेय देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को जाता है। अभी तक चुनाव आयोग इसके दूसरे विकल्प को नहीं तलाश पाया है। 60 साल से अधिक समय से चुनावों में इस स्याही का बखूबी इस्तेमाल हो रहा है। रही बात इस पर आने वाले खर्च की तो हर एक बोतल में 10 एमएल स्याही होती है और हर एक बोतल की कीमत 127 रुपये के करीब है। एक लीटर की कीमत 12 हजार 700 रुपये के करीब। यदि एमएल के हिसाब से देखा जाए तो एक एमएल 12 रुपये 70 पैसे के आसपास होगा उंगली से क्यों नहीं मिटती वोट वाली स्याही दरअसल इस स्याही को बनाने में सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। इसी वजह से एक बार त्वचा के किसी भी हिस्से पर लगने के बाद इसे कम से कम 72 घंटे तक त्वचा से हटाया नहीं जा सकता। सिल्वर नाइट्रेट रसायन का प्रयोग किया जाता है और पानी के सम्पर्क में आने पर यह काला हो जाता है और लंबे समय तक रहता है। जब आप वोट करने जाते हैं, तो इसे आपकी उंगली पर डाल दिया जाता है। सिल्वर नाइट्रेट हमारे शरीर में मौजूद नमक के साथ मिलकर सिल्वर क्लोराइड बनाता है। सिल्वर क्लोराइड पानी में नहीं घुलता और त्वचा से जुड़ा रहता है। इसे साबुन से नहीं धोया जा सकता। एक बार लगाने के बाद यह तब निकलकर आता है, जब स्कीन की कोशिकाएं पुरानी हो जाती हैं और वे निकलने लगती हैं। किस उंगली में लगेगी स्याही और उंगली न हो ता चुनाव आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार वोटिंग से पहले मतदाता के लेफ्ट हैंड यानी बाएं हाथ की तर्जनी (फोरफिंगर) पर स्याही लगाई जाती है। ब्रश के जरिए नाखून के ऊपर से पहली गांठ तक अमिट स्याही लगाई जाती है। यदि किसी के बाएं हाथ में तर्जनी उंगली नहीं है तो फिर क्या होगा। ऐसे हालात में उस व्यक्ति के बाएं हाथ की किसी भी उंगली पर स्याही लगाई जा सकती है। यदि बाएं हाथ पर कोई भी उंगली नहीं है तो फिर दाएं हाथ की तर्जनी पर यह स्याही लगाई जाती है। यदि उसके दाएं हाथ में भी फोरफिंगर नहीं हो तो दाएं हाथ के किसी भी उंगली में स्याही लगाई जा सकती है। यदि उसके दोनों हाथों में कोई उंगलियां नहीं हैं तो दोनों हाथ के किसी हिस्से पर भी स्याही का प्रयोग किया जा सकता है। यदि दोनों ही हाथ नहीं है तो पैर के अंगूठे पर स्याही लगाई जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी पर 500 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले का लगाया आरोप


**अहमदाबाद ।** कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी पर 500 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले के आरोप लगाए। रुपाणी ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री रहते अरबों रुपए के काम किये पर एक भी आरोप नहीं लगा। कांग्रेस जिस घोटाले की बात कांग्रेस कर रही है वह पूरी जमीन ही मात्र 75 करोड़ रुपए की है।गुजरात कांग्रेस के नेताओं का आरोप है कि राजकोट अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी में नवागाम, आनंदपुर, मलियासण आदि गांव की 111 एकड़ जमीन का समावेश करने के मामले में रुपाणी ने 500 करोड़ रुपए का घोटाला किया है, विधानसभा में नेता विपक्ष सुखराम राठवा, उपनेता शैलेष परमार, दंडक सी जी चावड़ा आदि नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री पर आरोप लगाए हैं कि जॉन परिवर्तन के नाम पर राजकोट में पूर्व मुख्यमंत्री एवं उनके करीबी नीतिन भारद्वाज आदि नेताओं ने 500 करोड़ रुपए का जमीन घोटाला किया है। नेताओं का आरोप है कि राज राजकोट अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी में शामिल 20 रेवन्यू सर्वे की 111 एकड़ जमीन सहारा इंडिया होम कॉरपोरेशन लखनऊ ने टाउनशिप के लिए खरीदी थी कंपनी के इशारे पर ही इस जमीन का जोन परिवर्तित किया गया है। कांग्रेस विधानसभा चुनाव से पहले जहां इस मुद्दे को जोर-शोर से उठा रही है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी ने अमेरिका से अपना एक बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने मुख्यमंत्री रहते अरबों रुपए के काम किए। किसी भी मामले में उन पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगाए जा सकते हैं। राजकोट में औद्योगिक विकास हो इसके लिए आवासीय एवं अन्य जमीन को इंडस्ट्रियल जोन में बदला गया। उनका कहना है कि इस पूरी जमीन की बाजार कीमत 75 करोड़ होती है। लेकिन कांग्रेस 500 करोड रुपए के घोटाले का आरोप लगा रही है जो तथ्य हीन है। आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उनको घोटाला और भ्रष्टाचार ही नजर आता है। 2018 में इस जमीन को इंडस्ट्रियल जोन में परिवर्तित करने का प्रस्ताव किया गया था। जून 2021 में लगभग डेढ ढाई साल बाद कानूनी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए इसका जोन परिवर्तन किया गया।` इंडस्ट्रियल जोन में परिवर्तित किया जाए तो उसकी कीमत बढ़ जाती है और घोटाले की संभावना होती है।

# मैथिली आवाज ( पाक्षिक )अखबार का विमोचन

## अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद के अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा को सम्मानित किया गया

**(आधुनिक समाचार सवे)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** आज मिथिला मिलन मासिक पत्रिका एवं मिथिला आवाज अख़बार (पाक्षिक) क लोकार्पण विमोचन न्यू राजेंद्र नगर नई दिल्ली मे भयिल। दी आई खान सेकेंडरी स्कूल में बहुत धूम धाम से भेल जकर सुरुवात डॉ चंद्र मोहन झा केलैत डॉ झा मिथिला मैथिलि के प्रति समर्पित छैथ मिथिला के विकाश के लेल अग्रसर रहैत छैत मिथिला आबाज अखबार के मकसद अच्छी हर मैथिल के घर में पहुंचे और सव मैथिल के एक दोसर के जानकारी एवं शादी विवाह एवं उपनयन के जानकारी एवं मिथिला के आवाज के अखबार के माध्यम से एक दोसर तक साझा केनाइ आय अवसर पर मिथिला के बहुत सारे गणमान्य लोग उपस्थित छलैत जाहि में संस्था के अध्यक्ष डॉ चंद्र मोहन झा अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद एवं मिथिला राज्य संघर्ष समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्र के स्मृत चिन्ह से सम्मानित केलैत । मन बहुत हरखित ऐछ आ मंजिल बहुत कठिन। आहाँ सबके सहयोग, संग आ मार्गदर्शनक सदैव ज़रुरी अछि। एवं लोकर्पण सेहो केलौ एवं मैथिलि गीत नाद श्री मति कुमकुम मिश्रा जी केलैत समस्त मैथिल के झूमने पर मजवूर केलैत मंच सञ्चालन भाई अजित आज़ाद केलैत सफल कार्यक्रम के लेल डॉ चंद्र मोहन झा एवं पुरे टीम के बहुत बहुत बधाई संग शुभकामना ।



# मैहर राजघराने में महाराजा अक्षयराज सिंह जू देव् के यहां महाराजकुमारी कन्या रत्न का हुआ जन्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दिनंश यादव**

**मैहर।** मैहर की धरा के लिए अत्यंत ही हर्ष का विषय है कि मैहर राजघराने राजमाता कवितेश्वरी देवी सिंह जी, मैहर महाराजा अक्षयराज सिंह जू देव् के यहाँ एक सुंदर कन्या रतन महाराजकुमारी का जन्म हुआ। मैहर महाराज एवम उनके सम्पूर्ण परिवार को हृदय से कोटि कोटि शुभकामनाएं सम्प्रेषित है। माँ शारदे माता एवम सभी स्नेहीजनों के प्रति कृतज्ञता रूपी आभार प्रकट करतें है।



# बाल संरक्षण एवं बाल विवाह रोकथाम जागरूकता का कार्यक्रम हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** जिला शहडोल के ब्लॉक मे दिनांक 22फरवरी को किशोर न्याय अधिनियम,बाल सरंक्षण एवं बाल विवाह रोकथाम जागरूकता हेतु प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया । उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक /ग्राम बाल संरक्षण समिति के सदस्य, पुलिस, शिक्षा ,ग्रामीण विकास विभाग एवं शौर्या दल ,मातृ सहयोगिनी समिति सदस्य भी प्रतिभागी के रूप में शामिल रहे । कार्यक्रम में विभागीय सहा. संचालक श्री अखिलेश मिश्र , सुश्री ज्योति, भविष्य भास्कर, आदि उपस्थित रहे ।



# गंगा के कटाव रोकने के लिए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य के तीन जिलों में गंगा नदी के कटाव को रोकने और उत्तर बंगाल में अन्य नदियों की बाढ़ की समस्या के समाधान के लिए केंद्र से मदद मांगी है। ममता ने केंद्र से इस संबंध में तत्काल कदम उठाने की मांग करते हुए पत्र में दावा किया है कि नदी कटाव से पिछले 15 सालों में एक हजार करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। साथ ही इस अवधि में 2,800 हेक्टेयर उपजाऊ खेत का क्षरण हुआ है। मुख्यमंत्री ने पत्र में तीन जिलों के कटाव पर विशेष जोर दिया है। इनमें मुर्शिदाबाद, मालदा और नदिया शामिल हैं। उन्होंने कटाव के लिए नदी के रुख में बदलाव को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि फरक्का बैराज के निर्माण से नदी की धारा प्रभावित हुई है। ममता ने पत्र में कहा है कि केंद्रीय जल संसाधन मंत्रालय ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 2005 में फरक्का बैराज प्राधिकरण को अतिरिक्त अधिकार दिए थे, जिससे नदी तट के कटाव को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इसे केंद्र ने 2017 में बदल दिया, जो एकतरफा किया गया था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 2017 में एकतरफा फैसला लिया था। फरक्का बैराज प्राधिकरण की शक्तियों को कम कर दिया गया था। विरोध के बावजूद कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि फरक्का बैराज के अधिकारियों ने कटाव को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने केंद्र से कटाव रोकने के लिए उचित कदम उठाने मांग करते हुए गंगा एक्शन प्लान को सही दिशा में ले जाने की अपील की। बता दें कि बंगाल के कुछ जिलों में नदी का कटाव बड़ी समस्या बन गई है। खासकर मानसून के समय गांव के गांव गंगा में समा जाते हैं। इससे स्थानीय लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर मुख्यमंत्री चिंतित हैं। इसलिए इस बार उन्होंने कटाव रोकने के लिए गंगा एक्शन प्लान के बारे में प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है।

# कर्नाटक में बजरंगदल कार्यकर्ता हर्षा की जिहादी मुस्लिमो द्वारा की गई हत्या के विरोध में बजरंग दल नोएडा महानगर के सभी कार्यकर्ता विश्व हिंदू परिषद कार्यालय पर एकत्र हूऐ

**(आधुनिक समाचार सवे)**
**देव मणि शुक्ल**

नोएडा । आज बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने कर्नाटक में बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्षा की जिहादियो मुस्लिमो द्वारा की गयी हत्या के विरोध एक जुलुस निकाला और पैदल मार्च करते हुए नारे लगाते हुये 11.30 बजे जिलाधिकारी चौराहे पर जिहादियों का पुतला दहन किया। और इसके बाद डीएम के माध्यम से गृहमंत्री अमित शाह को ज्ञापन दिया। जिसमें निम्न मांगे प्रमुखता से रखी गयी। 1. परिवार के लिये 1 करोड़ की आर्थिक सहायता। 2. परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी । 3. जिहादियों को फाँसी की सजा दी जाये । 4. इस हिजाब प्रकरण में पीएफआई व अन्य देश विरोधी संगठनों के षड्यंत्र की जांच एनआईए के द्वारा की जाय 5. किसी भी शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहन कर आना प्रतिबंधित किया जाए। इस मौके पर विहिप महानगर अध्यक्षलाल मणि पांडेय,विहिप कार्य अध्यक्ष छाया सिंह,विहिप मंत्री जितेन्द्र ,विहिप मठ मंदिर प्रमुख अनिल चतुर्वेदी ,महानगर बजरंगदल संयोजक गंगा ,विहिप विभाग मंत्री उमनंदन कौशिक,विभाग बजरंग दल संयोजक ललित भारद्वाज ,ज़िला संगठन मंत्री राहुल,विष्णु शर्मा,राहुल श्रीवास्तव एवं बजरंग दल के व विश्व हिन्दू परिषद के सैकडों कार्यकर्ता सम्मिलित रहे



# हरियाणा में 24 अप्रैल को होंगे 51 शहरी निकायों के चुनाव

**चंडीगढ़।** हरियाणा में स्थानीय निकायों को लेकर इंतजार खत्म होने जा रहा है। राज्य में करीब एक साल के लंबे अंतराल के बाद शहरी निकाय चुनाव 24 अप्रैल को होने के संकेत हैं। प्रदेश सरकार द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने 24 अप्रैल के आसपास शहरी निकाय चुनाव कराए जाने की पुष्टि की है। राज्य चुनाव आयोग को चुनाव की घोषणा से 25 दिन के भीतर चुनाव कराने होते हैं। इस लिहाज से मार्च के आखिरी सप्ताह में शहरी निकाय चुनाव की विधिवत रूप से घोषणा हो सकती है। प्रदेश में 93 शहरी निकाय हैं, जिनमें से 54 का कार्यकाल पूरा हो चुका, लेकिन इनमें से 51 के चुनाव कराए जाने की अनुशंसा प्रदेश सरकार की ओर से राज्य चुनाव आयोग को प्राप्त हुई है। कुरुक्षेत्र नगर परिषद के चुनाव अभी नहीं होंगे। राज्य सरकार कुरुक्षेत्र नगर परिषद का दायरा बढ़ाना चाहती है। पिपली को कुरुक्षेत्र नगर परिषद में शामिल करने का प्रस्ताव है। इसकी मंजूरी संबंधी फाइल स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पास पहुंची हुई है, जिस पर अभी फैसला लिया जाना बाकी है। प्रदेश में कुछ शहरी निकायों का कार्यकाल पिछले साल मई में तो कुछ का जून में पूरा हुआ है। उसके बाद राज्य में कोरोना ने दस्तक दी, जिस कारण चुनाव कराने में देरी हुई है। राज्य चुनाव आयोग ने अधिकतर शहरी निकायों में नए सिरे से वार्डबंदी और मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया है। यह काम अभी पूरा नहीं हुआ है और चल रहा है, जिसके मार्च के आखिर तक खत्म हो जाने की उम्मीद है। वार्डबंदी और मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण पूरा होते ही राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह प्रेस कान्फ्रेंस बुलाकर शहरी निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान करेंगे। उसी दिन शेड्यूल जारी होगा। प्रदेश में आदर्श आचार संहिता भी उसी दिन से लगी मानी जाएगी, जिस दिन चुनाव का शेड्यूल घोषित किया जाएगा। राज्य चुनाव आयुक्त द्वारा अप्रैल में चुनाव कराने का इशारा देने से उन तमाम राजनीतिक दलों को अपनी-अपनी तैयारी करने का मौका मिल गया है, जो चुनाव के लिए तैयार हैं। यदि 24 अप्रैल को ही चुनाव होते हैं तो राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों को दो माह का समय मिल गया है। हरियाणा में भाजपा और जजपा शहरी निकाय चुनाव मिलकर लड़ेंगे। दोनों दलों ने शहरी निकाय चुनाव के लिए वार्ड और सीटों का चयन करने हेतु राज्य स्तरीय कमेटियां बनाई हुई हैं, जिनकी कई बैठकें हो चुकी हैं। हाल ही में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने रोहतक में बैठक लेकर पार्टी नेताओं को शहरी निकाय चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसके तुरंत बाद राज्य चुनाव आयुक्त ने शहरी निकाय चुनाव 244 अप्रैल को होने का संकेत दे दिया है। भाजपा की राज्य स्तरीय चुनाव समिति के अध्यक्ष परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा हैं और जजपा की चुनाव समिति के अध्यक्ष निशान सिंह हैं। हरियाणा में पंचायत चुनाव में अभी और देरी हो सकती है। पंचायतों का कार्यकाल करीब एक साल पहले ही पूरा हो गया था। पंचायतों में आरक्षण के सरकार के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में करीब एक दर्जन याचिकाएं दायर हैं, जिन पर 21 मार्च को सुनवाई होगी। झंडी मिलेगी, वैसे ही पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शहरी निकायों के चुनाव ईवीएम से होंगे, जिसके लिए प्रदेश सरकार ने राज्य चुनाव आयोग को सिफारिश कर दी है।



# ब्यौहारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी ने चलाया डिजिटल सदस्यता अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**ब्योहारी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल व महिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के आवाहन पर एवं संगठन प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी द्वारा लगातार 18वे दिन बुधवार को ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आखेटपुर भमरहा में घर चलो घर घर चलो अभियान एवं माननीय कमलनाथ जी द्वारा जारी हर पोलिंग बूथ से एक महिला व एक पुरूष को डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत हर एक पोलिंग बूथ में सदस्य बनाया गया जिसके अंतर्गत ग्राम अखेटपुर की 4 पोलिंग बूथ भमरहा प्रथम की 2 पोलिंग बूथ उकसा की 1 पोलिंग बूथ झरौसी 1पोलिंग बूथ रसपुर 1 पोलिंग खड्डा 4 पोलिंग बूथ व बरहा टोला बिजहा देवगांव मैरटोला की 1-1 पोलिंग बूथ कुल 17 पोलिंग बूथों पर जाकर आम नागरिकों से संवाद कर गांव में व्याप्त समास्याओं को जाना व हर गली नुक्कड़ चौराहे पर रैली निकाल कर डोर टू डोर जनसंपर्क किया गया एवं भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जन जन तक पहुंचाया गया अभियान के दौरान हर तरफ भाजपा के कुशासन के खिलाफ भारी जन आक्रोश देखने को मिला जहां आम आदमी अपनी समस्याओं को बतालाते हुए भाजपा के भ्रष्ट नितियों से बेहद निराश व हताश है अभियान का नेतृत्व कर रहे ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने जनता से संवाद कर भाजपा की करनी और कथनी पर भारी अंतर बताया भाजपा का जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है क्योंकि उन्हें पता है कि जनता को अपनी समस्याओं का पता चुनाव बाद चलता है तब तक उनका गलत निणय्य उनकी समास्याओं का कारण है भाजपा का चुनाव के वक्त धार्मिक भावनाओं को भड़काना और जनता के जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाकर चुनाव जीतना है यही कारण है जो जनता को उनकी समास्याओं से निजात ना दिला पाने में असमर्थ हैं परंतु जनता अब समझ चुकी है और ठान लिया है कि भाजपा के इस षड्यंत्र का अब कोई खेल नहीं चलेगा अब बात होगी जनता के हक और जनता ने मन बना लिया है कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े होकर इन तानाशाहो को उनकी सही जगह दिखलाने का अभियान के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं युवाओं किसानों को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़कर सदस्यता दिलाई व भाजपा कुशासन को उजागर करने हेतु कमलनाथ द्वारा जारी पम्पलेट का वितरण किया गया अभियान के दौरान मुख्य रूप से यह रहें उपस्थित अखेटपुर मंडलम अध्यक्ष आषुतोष पटेल महिला कांग्रेस अध्यक्ष जारीना खातुन नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष पुर्षेंद्र पटेल मुकेश तिवारी दुर्गा साकेत पिंकी पटेल आईटीसेल अध्यक्ष आयुष ताम्रकार जिला युवा कांग्रेस महासचिव सतेन्द्र त्रिपाठी पिंटू युवा कांग्रेस महामंत्री विक्रम सिंह बघेल त्रिवेणी मिश्रा रामानुज पटेल रामजीयावन पटेल सौखीलाल साकेत लक्ष्मीकांत पटेल अंजूदेवी कोल अर्चना पटेल रसपुर सरपंच राधा पाठक नजमा बेगम राजकिशोर उपाध्याय राजेंद्र सोनी हीरालाल पटेल बिहारी कोल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व आम जन मानस उपस्थित रहे।



# हर गरीब को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता मुख्यमंत्री पीएम आवास योजना (शहरी) के हितलाभों के वितरण का वर्चुअल कार्यक्रम सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल** 23 फरवरी 2022 प्रदेश के हर गरीबों की इच्छा होती है कि वे भी पक्के मकान मे रहें उनके पास आवास की व्यवस्था सुनिश्चित हो, गौरवशाली, समृद्ध भारत के निर्माण हेतु आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए शहरों के गरीबों के आवास की जरूरतों को हमारी सरकार हर हालत पर पूरी कर रही है। शहरों के आवास बढ जाएं पर भवनों में समानता हो। देश के प्रधानमंत्री की यह मंशा है इसी उददेश्य से हर गरीब व्यक्ति जिसके पास स्वयं का मकान नही है उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलाने हमारी सरकार जुटी हुई है। धरती में गरीब पैदा होता है तो उसे भी सभी सुविधाओं का हक व अधिकार है इसे मूर्त रूप देने में अनेक योजनाओं का संचालन कर हमारी सरकार कार्य कर रही है, जिसके सुखद परिणाम मिले है। प्रदेश में 6 लाख 68 हजार पीएम आवास योजना के भवनों के निर्माण की स्वीकृत दी जा चुकी है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितलाभों का वितरण कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल होकर व्यक्त किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध कालोनियों को वैध किया जाएगा तथा प्रदेश के हर नगरों, ग्राम पंचायतों सहित नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण में सब मिलकर प्रयास करे तथा हर नगरों में गौरव दिवस का आयोजन कर उसे सुंदर और स्वच्छ बनाने में सब मिलकर कार्य करें। स्थानीय मानस भवन में आज मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक जयसिंहनगर श्री जयसिंह मरावी ने कहा कि अंतिम छोर के व्यक्ति को सुविधाएं दिलान भवनविहीनों को भवन दिलाना तथा इसी के साथ अन्य योजनाओं से आवश्यकता वाले लोंगो को लाभान्वित कराने का काम हमारी सरकार करा रही है। कार्यक्रम के उददेश्यों के संबंध में अध्यक्ष नगरपालिका श्रीमती उर्मिला कटारे ने जानकारी देते हुए कहा कि आज 198 लोंगो को पीएम आवास की प्रथम एवं द्वितीय किश्त तथा 5 लोगो को नये प्रधानमंत्री आवास में प्रवेश तथा 5 लोंगो के नवीन पीएम आवास का भूमिपूजन भी हुआ। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य, श्री कमलप्रताप सिंह, श्री गोविंद सिंह परिहार, श्री शीतल पोददार, श्री संतोष लोहानी, श्री महेश भागदेव, श्री श्यामबाबू जायसवाल सहित अन्य पार्षदगण एवं लाभान्वित हितग्राही उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन श्री विवेक पाण्डेय एवं आभार प्रदर्शन मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री अमित तिवारी ने किया।



# मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली ने झाँसी में ब्लड डिसऑर्डर के लिए शुरू की विशेष ओपीडी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अतुल वर्मा**

**झाँसी।** उत्तर भारत का अग्रणी स्वास्थ्य संस्थान मैक्स सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल, वैशाली गाज़ियाबाद ने खून संबंधी बीमारियों और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन के लिए झाँसी में आज मासिक ओपीडी शुरू करने की घोषणा की। इस सेवा से क्षेत्र के लोगों को अपने घर के पास ही क्वालिटी स्वास्थ्य सेवा मिल पाएगी और उन्हें दूर जाने के लिए समय भी और ज्यादा धन भी नहीं खर्च करना पड़ेगा। ओपीडी सेवा हर महीने के तीसरे मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक स्पर्श चिल्ड्रन हॉस्पिटल में उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर मैक्स हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने खून संबंधी डिसऑर्डर के बढ़ते मामलों पर जानकारी देते हुए जानकारी बढ़ाने की सख्त जरूरत पर जोर दिया और झाँसी में सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवा देने के इरादों के बारे में बताया। यहां एक्यूट ल्यूकेमिया, मल्टीपल मायलोमा, एप्लास्टिक एनीमिया, थैलेसीमिया मेजर, सिकल सेल रोग और कैंसर के कई अन्य मामलों जैसे उन सभी ब्लड डिसऑर्डर का अब बीएमटी से सफल इलाज हो सकता है। उद्घाटन सम्मेलन को मैक्स सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल, वैशाली में हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. निवेदिता ढींगरा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हर छोटे बड़े शहर के लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। यह ओपीडी खुलने से झाँसी और आसपास के लोगों को बड़ा फायदा होगा। डॉ. निवेदिता ने कहा, 'हीमैटोलॉजी और स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन के क्षेत्र में हुई तरक्की से लाइलाज और जानलेवा डिसऑर्डर से पीडितों के लिए भी बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) सर्वश्रेष्ठ जीवनदायिनी के तौर पर उभर रहा है। मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में हीमैटोलॉजी तथा ब्लड ट्रांसफ्यूशन विभाग बीएमटी के लिए विश्व स्तरीय और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है जहां किफायती और पारदर्शी पैकेज पर हेपा फिल्टर्ड रूम, विशेष डॉक्टर तथा आईसीयू बैकअप के साथ समर्पित नर्सिंग केयर उपलब्ध है। वैशाली के मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-ऑपरेशंस डॉ. गौरव अग्रवाल ने कहा, ठपहले ल्यूकेमिया और लिम्फोमा से पीडित कई मरीजों को एक संपूर्ण टिश्यू मैच के लिए इंतजार करना पड़ता था, जिसके परिणामस्वरूप रोग की प्रगति होती थी और यह घातक साबित होता था। हाल के वर्षों में, हेमटोलॉजी और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में सफलताएँ मिली हैं, नवीनतम हैप्लोइडेंटिकल ट्रांसप्लांटेशन तकनीक के माध्यम से उपचार किया जा रहा है जो बोन मैरो ट्रांसप्लांट की तत्काल आवश्यकता वाले लोगों के लिए प्रतीक्षा समय को समाप्त करता है। लेकिन पूरे शोध और इम्यूनोसप्रेसेन्ट दवाओं में महत्वपूर्ण सुधार के साथ, बीएमटी के माध्यम से सफलता दर में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं।



# महाविद्यालय की निम्न समस्याओं पर सौंपा गया ज्ञापन

**आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** पंडित राम किशोर शुक्ला स्मृति कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ब्योहारी आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा महाविद्यालय के छात्रों के संबंध में निम्न विषय पर प्रचार के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया जो प्राचार्य डॉ आर के तिवारी जी को दिया गया ज्ञापन के मुख्यत विषय थे निर्धारित समय पर महाविद्यालय ना खोलना नियमित कक्षाओं को संचालित ना होना सुरक्षाकर्मी भी तैनात ना होना एवं निम्न विषय पर अपनी मांगों को रखा गया इस दौरान भाजपा जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता अंशु एवं मंडल अध्यक्ष राहुल कुमार द्विवेदी एवं विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री श्रशांत माली एवं सह मंत्री आयुष सिंह एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मुकेश तिवारी, पंकज तिवारी, दिलीप द्विवेदी, वंदना डोंगरे, आस्था मिश्रा, अरमान एवं महाविद्यालय के छात्र भी उपस्थित रहे



# विक्रांत मैसी की पत्नी शीतल ठाकुर ने शेयर की प्री-वेडिंग फंक्शन के दौरान की तस्वीरें, खुद को बताया हिमाचली दुल्हान


**नई दिल्ली।** अभिनेता विक्रांत मैसी ने 18 फरवरी को अपनी लॉन्ग टाइग गर्लफ्रेंड शीतल ठाकुर ने अपने परिवार और करीब दोस्तों की



मौजूदगी में हिंदू रीति-रिवाजों से शादी रचा ली है। शादी के बाद दोनों अपने इंस्टाग्राम पर प्री-वेडिंग फंक्शन के दौरान की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं। बधुवार को शीतल ठाकुर ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वो लाल शादी के जोड़े में दिख रही हैं। साथ ही तस्वीरों में परिवार की महिला उन्हें चूडियां और पायल पहनाती हुई दिख रही हैं तस्वीरों में देखा जा सकता है कि अभिनेत्री बेहद खुश नजर आ रही हैं और शादी के मोमेंट्स से एंजॉय करती हुई दिख रही हैं। सेलेब्स ने दी शुभकामनाएं इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर कर शीतल ने कैप्शन लिखा, हिमाचली दुल्हान तैयार तो रही है। एक्ट्रेस की इन तस्वीर को इंस्टाग्राम पर खूब पसंद किया जा रहा है। तस्वीर को अब तक (खबर लिखे जाने तक) कई लाख लोग लाइक कर चुके हैं और कमेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। बता दें, बीते शनिवार को अभिनेता ने शादी समारोह का फोटो शेयर किया था। इस फोटो में शीतल और विक्रांत शादी के जोड़े में एक दूसरे आंखों में देखते हुए मुस्कुराते दिख रहे हैं। इस तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्होंने कैप्शन लिखा, 'सात सालों का ये सफर आज सात जन्मों में बदल गया। इस सफर में हमारा साथ देने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया वो जल्द ही क्राइम-थ्रिलर फिल्म लव हॉस्टर में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में विक्रांत मैसी और एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा लीड लवर्स के किरदार में नजर आने वाले हैं। जबकि अभिनेता बॉबी देओल मर्सिनरी के किरदार में नजर आने वाले हैं, जो विक्रांत और सान्या के पीछा पड़ा है। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म को शंकर रमन ने निर्देशित किया है।प्रोडक्शन रेड चिलीज के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्माण गौरी खान, मनीष मुंद्र और गौरव वर्मा ने किया है। उन्होंने आखिरी बार फिल्म हसीन दिलरुबा में देखा गया था। इस फिल्म में उन्होंने एक्ट्रेस तापसी पन्नू के साथ मुख्य किरदार निभाया है।

# एक परिवार की दिल छू लेने वाली कहानी, जी5 की नई वेब सीरीज का ट्रेलर हुआ जारी

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर क्राइम और थ्रिलर शोज की बाढ़ के बीच ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 एक मध्यमवर्गीय पारिवारिक ड्रामा 'सुतलियां रिश्तों की एक अनोखी बुनाई' लेकर आ रहा है। शो का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया गया। सुतलियां के केंद्र में चंदेल परिवार है। इस शो का निर्देशन श्री नारायण सिंह ने किया है, जिनका यह डिजिटल डेब्यू है। मनोर रामा पिक्चर्स ने इसका निर्माण किया है। सुतलियां एक ऐसे परिवार की दिल को छू लेने वाली कहानी है, जहां दिवाली से कुछ हफ्ते पहले बच्चे अपने पारिवारिक घर भोपाल लौटते हैं। उनकी मुलाकात कुछ सालों बाद होती है, इसलिए बदले हुए हालात में वो एक-दूसरे तालमेल बैठाने की कोशिश करते हैं। अतीत और संघर्षो के भावनात्मक बोझ तले दबे बच्चे चुनौतीपूर्ण लेकिन एक जरूरी सफर तय करते हैं। शो में आयशा रजा चंदेल परिवार की विधवा मां के किरदार में है, जबकि शिव पंडित, विवान शाह और प्लाबिता बोरठाकुर भाई-बहनों का रोल निभा रहे हैं। सुतलियां 4 मार्च को प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाला है। कौन बनेगी शिखरवती के बाद जी5 की यह अगली पारिवारिक पेशकश है। शो का ट्रेलर नीचे देख सकते हैं शो को लेकर आयशा रजा कहती हैं, सुतलियां निश्चित रूप से मेरी खास प्रोजेक्ट्स में से एक है, क्योंकि इसने मुझे



जीवनभर के लिए तीन सुंदर बच्चे दे दिए हैं। हमें इस सीरीज की शूटिंग में बहुत मजा आया और मुझे यकीन है कि लोग हमारे किरदारों से जुड़ेंगे और उस बॉन्ड को महसूस करेंगे, जो हमने ऑफ-स्क्रीन और ऑन-स्क्रीन साझा किया है। बड़े बेटे का किरदार निभा रहे शिव पंडित ने साझा किया, सुतलियां सार्थक और मनोरंजक कंटेंट का सही मिश्रण है। इस शो में मस्ती, हंसी-मजाक, पारिवारिक मूल्य, भावनाओं व ड्रामे की सही डोज है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह एक बेहद पॉजिटिव शो है। सीरी की शूटिंग के दौरान हमने खूब एन्जॉय किया और हम आशा करते हैं कि पर्दे पर हमारी बॉन्डिंग देखने के बाद दर्शक हमारे सुतलियां परिवार के एक हिस्से की तरह महसूस करेंगे। प्लाबिता बोरठाकुर ने कहा, सुतलियां यह एक परफेक्ट फैमिली ड्रामा है, जिसे अपने परिवार के साथ अवश्य देखना चाहिए। यह शो कुछ वास्तविक मुद्दों के बारे में भी बात करता है, जिन्हें हमें एक समाज के रूप में एक साथ संबोधित करने की आवश्यकता है और मुझे खुशी है कि मुझे अपने कैरेक्टर के माध्यम से इन कन्वर्सेशन को सामने लाने का मौका मिला। विवान शाह कहते हैं, सुतलियां आयशा जी, शिव और प्लाबिता के प्यार और समर्थन के बिना बनाना मुमकिन नहीं था। ये रील कैरेक्टर मेरे असली परिवार क्योंकि हम भोपाल में कोविड और लॉकडाउन के बीच शूटिंग कर रहे थे और मुझे खुशी है ।

# गरहाइयां' के बाद अब फोटोशूट के दौरान बोल्ड हुई दीपिका पादुकोण, एक्ट्रेस ने मोनोकिनी और बिकिनी में दिए हॉट पोज

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी फिल्म गरहाइयां को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में उन्होंने अपना हॉट और बोल्ड अंदाज भी दिखाया है। उनके इस अवतार की काफी चर्चा हो रही हैं, लेकिन इस बार दीपिका पादुकोण अपने नए फोटोशूट रही हैं। बाल खोले दीपिका पादुकोण काफी हॉट और बोल्ड दिख रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में उन्होंने यलो बिकिनी पहनी हुई है। इसके साथ उन्होंने रेड कलर का श्रफ डाला हुआ है और बोल्ड पोज दे रही हैं। इसके अलावा उन्होंने व्हाइट मोनोकिनी में भी बोल्ड पोज दिए



को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। उन्होंने एक फैशन मैगजीन के लिए अपना बोल्ड फोटोशूट करवाया है। अपने फोटोशूट की तस्वीरों को दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। दीपिका पादुकोण सोशल मीडिया पर काफी हमेशा सक्रिया रहती हैं। वह फैंस से रूबरू होने के लिए अपनी खास तस्वीरें और वीडियो भी शेयर करती रहती हैं। दीपिका पादुकोण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक के बाद एक अपनी कई हॉट और बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में बिकिनी और मोनोकिनी पहन दीपिका पादुकोण ने बोल्ड फोटोशूट करवाया है। पहली तस्वीर में वह ब्लैक कलर की बिकिनी में नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में वह पेड़ों के बीच में बैठी दिखाई दे हैं। तीसरी तस्वीर में दीपिका पादुकोण ने व्हाइट कलर की मोनोकिनी पहनी है। तस्वीर में उनका बोल्ड अंदाज साफ देखने को मिल रहा है। दीपिका पादुकोण की इन सभी तस्वीरों को उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कर उनकी तारीफ भी कर रहे हैं बात करें दीपिका पादुकोण की फिल्म गहराइयां को तो इस फिल्म में उनके साथ धैर्य करवा, अनन्या पांडे और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म गरहाइयां का निर्देशन शकुन बत्रा ने किया है। 11 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई इस फिल्म का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म में दीपिका और सिद्धांत के इंटिमेट सीन्स ने सुर्खियां बटोरीं थीं। फिल्म को दर्शरों का मिक्सड रिएक्शन मिला।

# मशहूर अभिनेत्री केपीएसी ललिता का हुआ निधन, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों जीने वाली दिग्गज और मशहूर अभिनेत्री केपीएसी ललिता अब इस दुनिया में नहीं रही हैं। उनका 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। केपीएसी



ललिता बीते कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। उन्होंने केरल के त्रिपुनिथुरा स्थित अपने घर में मंगलवार देर शाम आखिरी सांस ली । उनके निधन से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में शोक का माहौल है केपीएसी ललिता ने साउथ सिनेमा में करीब 5 दशक तक काम किया था। उन्होंने 550 से ज्यादा मलयालम और तमिल फिल्मों में अपने अभिनय का दम दिखाया था। उन्होंने अभिनय की शुरुआत थिएटर से की थी। केपीएसी ललिता ने साल 1969 में केएस सेथुमाधवन के निर्देशन में बनी फिल्म कूट्टुकुडुमबम से मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया था। केपीएसी ललिता को साल 1999 में आई फिल्म आमरम और 2000 में आई फिल्म शांनत में उनके बेहतरीन अभिनय के लिए दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। उन्हें चार बार केरल राज्य फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया था। केपीएसी ललिता पांच सालों तक केरल संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष भी रही थीं। उनका जन्म 25 फरवरी 1948 को कायमकुलम में हुआ था। बचपन से उनका नाम माहेश्वरी अम्मा था, लेकिन फिल्मी पर्दे पर उन्हें लोग केपीएसी ललिता के नाम से जानते थे। वह केरल के चर्चित ड्रामा ट्रूप केपीएसी (केरल पीपल आर्ट क्लब) का हिस्सा थीं। जब उन्होंने फिल्मों में अभिनय करना शुरू किया तो उनका नाम केपीएसी ललिता हो गया। उन्होंने मलयालम फिल्मों के मशहूर निर्माता-निर्देशक भरथन से शादी की थी। केपीएसी ललिता के परिवार में उनके बेटे सिद्धार्थ भरथन और बेटी श्रीकुट्टी हैं। सिद्धार्थ भरथन भी एक जाने-माने फिल्मकार हैं। केपीएसी ललिता के निधन से साउथ सिनेमा में शोक का माहौल है। कई फिल्मी सितारे उन्हें सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि दे रहे हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी केपीएसी ललिता के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर लिखा, 'ललिता अपने अभिनय कौशल से अलग-अलग पीढियों के दिलों में प्रवेश करने वाले एक युग के इतिहास का हिस्सा बन गई हैं।' कई फिल्मी सितारों ने भी केपीएसी ललिता के लिए शोक जताया है।

# एक्स हसबैंड करण मेहरा के 'लॉक अप' में जाने को लेकर आया निशा रावल का बयान, कहा- मैं किसी से नहीं डरता'

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री निशा रावल जल्द कंगना रनोट के रियलिटी शो 'लॉक अप' में नजर आने वाली हैं। 'लॉक अप' अपने अनूठे और कभी न सुने गए फॉरमेट के कारण लॉन्च होने के बाद से ही चर्चा में बना हुआ है। इस शो में का हिस्सा बनना चाहते हैं अभिनेता कंगना रनोट के इस शो का हिस्सा इसलिए बनना चाहते हैं ताकि निशा रावल के साथ चल रहे घरेलू विवाद पर वह अपना पक्ष पर रख सकें। करण मेहरा का मनना है कि अगर निशा रावल शो में उनके पर कोई



हिस्सा लेने वाले कंटेस्टेंट्स अपनी निजी जिंदगी के बारे में खुलकर बात करते नजर आएंगे। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि निशा रावल अपनी जिंदगी के बारे में कई खुलासे कर सकती हैं। पिछले साल निशा रावल अपने एक्स हसबैंड टीवी अभिनेता करण मेहरा के खिलाफ घरेलू हिंसा का आरोप लगाने की वजह से चर्चा में थीं। ऐसे में अब खबर यह भी आ रही है कि कंगना रनोट के शो 'लॉक अप' में करण मेहरा भी नजर आ सकते हैं। अंग्रेजी वेबसाइट टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के अनुसार करण मेहरा को लेकर इस तरह की अफवाह है कि वह भी 'लॉक अप' दूसरा आरोप लगाएंगी तो वह पीछे हटने वाली हैं। हालांकि अभिनेता 'लॉक अप' का हिस्सा होंगे या नहीं इसको लेकर अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन करण मेहरा के शो का हिस्सा बनने पर निशा रावल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की कोई आशंका नहीं है कि शो में कौन आएगा। मैंने हमेशा अपनी लड़ाई खुद लड़ी है, और मुझे यकीन है कि मेरे पास जो कुछ है उसके साथ मैं इस लड़ाई को लड़ूंगी। मैं यहां अपने दम पर लॉक अप में हूं और मैं असफलता के अलावा किसी से नहीं डरता आपको बता दें कि कंगना रनोट के शो 'लॉक अप' में 16 विवादित हस्तियों को में रखा जाएगा और उनकी सुविधाएं छीन ली जाएंगी। कंटेंट क्वीन एकता आर कपूर भारतीय दर्शकों के लिए इस निडर रियलिटी शो को लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो 27 फरवरी से ऑल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर पर मुफ्त में स्ट्रीम होगा। दर्शक इस नए शो को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

# बिपाशा बसु ने खास अंदाज में दी पति करण सिंह ग्रोवर को बर्थडे की शुभकामनाएं, देखें तस्वीरें

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री बिपाशा बसु भले ही बॉलीवुड की लाइम लाइट को काफी दूर हो, लेकिन सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। अब बुधवार को उनके पति करण सिंह ग्रोवर अपना अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कर उन्होंने जन्मादिन की शुभकामनाएं दी हैं। इन तस्वीरों में बिपाशा ब्लैक कलर की ड्रेस में, तो करण ब्लैक एंड व्हाइट लुक में नजर आ रहे हैं। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपने हाथों में एक गुलाब का फूल भी लिया हुआ है। इन तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर कर अभिनेत्री



40वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस मौके पर अभिनेता की पत्नी बिपाशा बसु ने खास अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। अभिनेत्री ने इस खास मौके पर ने करण सिंह ग्रोवर को बर्थडे की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे मेरी जिंदगी। अभिनेत्री की इन तस्वीरों पर फैंस और बॉलीवुड कलाकार कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और करण को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। बता दें बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर की मुलाकात साल 2015 में आई फिल्म 'अलोन' की शूटिंग के दौरान हुई, जिसके बाद दोनों एक दूसरे को डेट करने लगे और अप्रैल साल 2016 में दोनो शादी के बंधन में बध गए। आपको बता दें कि बिपाशा का जन्म दिल्ली में हुआ था, जिसके बाद उनका परिवार कोलकाता शिफ्ट हो गया। बिपाशा ने साल 1996 में मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने साल 2001 में फिल्म अजनबी से बॉलीवुड में डेब्यू किया, बिपाशा को इस फिल्म के लिए बेस्ट फीमेल डेब्यू का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। जिसके बाद उन्होंने बॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म राज में लीड़ किरदार निभाया है। बता दें, बिपाशा ने हिन्दी के अलावा तेलुगु, तमिल फिल्मों में भी काम किया है। उन्हें आखिरी बार हॉरर ड्रामा फिल्म अलोन में देखा गया था। इस फ्रिम में उन्होंने अपने पति करण सिंह ग्रोवर के साथ अहम किरदार निभाया है।

# नेटफ्लिक्स के साथ रणदीप हुड्डा 'कैट' से करेंगे वेब सीरीज डेब्यू, ड्रग्स से जुड़ी कहानी का फर्स्ट लुक जारी


**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स की इंटरनेशनल एक्शन फिल्म एक्सट्रेक्शन में हॉलीवुड एक्टर क्रिस हेम्सवर्थ के साथ पैरेलल लीड रोल निभाने के बाद रणदीप हुड्डा



अब एक बार फिर प्लेटफॉर्म की वेब सीरीज कैट में नजर आएंगे। इस सीरीज में रणदीप मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। रणदीप का यह वेब सीरीज डेब्यू है। मंगलवार को इसका फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया। फर्स्ट लुक पर रणदीप के किरदार की झलक दिखायी गयी है। रणदीप ने फोटो शेयर करके लिखा- जब छिपने की कोई जगह ना मिले तो आप कहां जाएंगे का एलान करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है, जिसमें ड्रग्स, धोखा और खतरा एक साथ आकर बवाल मचाने वाले हैं। नेटफ्लिक्स पर फिल्म जल्द आ रही है। कैट एक जबरदस्त क्राइम थ्रिलर है, जिसकी कहानी पंजाब की पृष्ठभूमि में दिखायी जाएगी। यह एक मासूम शख्स के बारे में है, जो ड्रग कारोबारियों, गैंगस्टर्स, पुलिस और सियासत के बीच चल रही साजिश में फंस जाता है। एक स्टेटमेंट में रणदीप ने कहा- एक्सट्रेक्शन के दौरान मेरा काफी अच्छा वक्त बीता था और इसके जरिए दुनियाभर में बहुत प्यार मिला, जो अद्भुत है। कैट में ग्लोबल ऑडिएंस को प्रभावित करने के सारे मसाले मौजूद हैं। इस सीरीज के जरिए एक कलाकार के तौर पर मुझे नया चेहरा दिखाने का मौका मिला।

# वन ऑफ शोल्डर जंपसूट ड्रेस में दिए ऐसे बोल्ड पोज, हरियाणवी क्वीन एटीट्यूड देख हैरान हुए फैंस

**नई दिल्ली।**हरियाणवी डांसर और सिंगर सपना चौधरी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं आज सपना न सिर्फ हरियाणा बल्कि हर इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। यही नहीं वह प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ के लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। एक्टिंग के साथ सपना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन अपनी न सिर्फ अपने डांस और गानों बल्कि अपन लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों और वीडियो की वजह से भी सुर्खियों में रहती हैं। इसी बीच सपना की कुछ लेटेस्ट तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही है। इस तस्वीर में उनका बदला हुआ लुक फैंस को हैरान कर रहा है। यहां देखें तस्वीर डांसर सपना चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम आकउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि दिलकश अदाएं बिखेरती सपना बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। सपना के लेटेस्ट फोटोशूट में आप देख सकते हैं कि सपना ने ब्रॉन्ज कलर की वन ऑफ शोल्डर जंपसूट ड्रेस पहनी है। वहीं उन्होंने अपने बालों को हाई पोनी से स्टाइल दिया



है। इस दौरान सपना का एटीट्यूड देखने लायक लग रहा है। सपना चौधरी का ये जंपसूट फिटेड ड्रेस उन पर काफी सूट कर रहा है। वहीं उन्होंने कमर पर एक स्टाइलिश बेल्ट लगाया है जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है। इस ड्रेस के साथ सपना ने ब्लैक कलर की हाई हील्स पहना हुआ है। वहीं अगर मेकअप की बात करें तो उन्होंने ब्राउन लिपस्टिक के साथ ईयररिंग्स पहने हुए हैं। वहीं मेकअप काफी सटल नजर आ रहा है जो उनपर काफी सूट कर रहा है। सपना चौधरी की इन तस्वीरों को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर फैंस उनके इस लुक की तारीफ करते दिख रहे हैं। सपना चौधरी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इन दिनों एंड टीवी के एक क्राइम शो 'मौकाए वारदात'में रवि किशन और मनोज तिवारी के साथ शो को होस्ट करती हुई भी नज़र आ रही हैं। इसके अलावा सपना ने हरियाणवी इंडस्ट्री के साथ, भोजपुरी, पंजाबी और बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी काम किया है। उन्होंने बॉलीवुड में 'दोस्ती के साइड इफेक्ट्स' फिल्म से डेब्यू किया था। बता दें कि सपना चौधरी 'बिग बॉस 11' का हिस्सा रह चुकी हैं।

# सुनील शेट्टी संग 'इनविजिबल वुमन' में नजर आएंगी एशा देओल, सीरीज से अन्ना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और जल्द ही वेब सीरीज 'इनविजिबल वुमन' से दर्शकों को एंटरटेन करते नजर आएंगे। अन्न की इस डेब्यू सीरीज को हाल ही में बेव सीरीज की दुनिया में कदम रखने वाली एक्ट्रेस एशा देओल ने भी ज्वाइन कर लिया है। वेब सीरीज में अपनी एंट्री को लेकर खुशी जाहिर करते हुए एशा देओल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी एक पोस्ट शेयर किया। पोस्ट शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा,एक्शन से भरपूर सीरीज 'इनविजिबल वुमन' में काम करने को लेकर उत्साहित। पहली बार यूडली फिल्म्स के द्वारा, अन्ना सुनील शेट्टी के साथ। लेट्स स्मैश इट। 'इनविजिबल वुमन' एक एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज है। जिसका निर्देशन राजेश एम सेल्वा कर रहे हैं। सुनील के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के लिए उत्साहित, एशा ने कहा(एएनआई), 'इस तरह का प्रोजेक्ट वाकई में शानदार है। यह एक अलग शैली को एक्सप्लोर करती है। कहानी में रहस्य, साजिश और ऐतिहासिकता के अंश हैं। सुनील अनन के साथ फिर से काम करना बहुत खुशी की बात है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज ( उ.प्र. ) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। ( उ.प्र. ) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।